तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 14 जून, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

04

दुकानों में भेजी गईं 657 पीओएस मशीनें, करेगा 70% बायोमैट्रिक स्कैन




## खबर संक्षेप

### पीएम आवास के 127 हितग्राही कर सकते हैं दावा आपत्ति

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बी.एल.सी.) घटक अंतर्गत मकान आवंटन किया गया है। उसका रैपिड असेसमेंट सर्वे से प्राप्त दस्तावेज के आधार पर शासन के निर्देशानुसार तृतीय फेस में निकाय की संयुक्त समिति द्वारा परीक्षण उपरांत संशोधित 127 पात्र आवेदनों की सूची दावा आपत्ति हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो 16 से 23 जून तक की अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय जोन क्रं. 3 प्रथम तल में लिखित रूप से दावा आपत्ति कर सकते हैं। इसके बाद किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अमान्य होगा। रैपिड असेसमेंट सर्वे में तृतीय फेस में 127 पात्र आवेदकों की सूची को नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं सभी 5 जोन कार्यालयों के सूचना पटल एवं वार्डो के मुख्य स्थलों पर चस्पा किया गया है।

### प्राण घातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109(1) , 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि एचएससीएल कालोनी तेलहा खुर्सीपार निवासी दुर्गेश कुमार के साथ मारपीट कर गंभीर रुप से घायल किया है। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर दुर्गेश का बयान लिया। उसने बताया कि 12 जून की रात बीएसपी में काम करने खुर्सीपार रेल्वे फाटक के आगे रोलिंग गेट के पास से निकला था। इस दौरान आरोपी लव कुमार व उसका दोस्त जय कुमार रंजिश के चलते चाकू से हमला कर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी खुर्सीपार निवासी लव कुमार उर्फ लल्लू को गिरफ्तार किया है।

**फोरलेन का सच** — अनदेखी से दुर्ग से रायपुर तक का सफर दुखदायी, कोई सुनवाई नहीं

# सड़क का घटिया निर्माण, अब मेंटेनेंस के नाम पर घंटों का जाम, नहीं कोई वैकल्पिक इंतजाम

जेएम तांडी ▶▶|भिलाई

वर्तमान में चारों फ्लाई ओवर में गड्ढे बन आए हैं। 1 जून से इनका मेंटेनेंस शुरू किया गया है, लेकिन कहीं कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किए गए हैं। गुजरने वाले वाहनों को रोककर मेंटेनेंस कराया जा रहा है, जिसकी वजह से जाम के हालात बन रहे हैं। नेहरुनगर से कुहारी तक 27 किमी में चार फ्लाई ओवर बनाए गए हैं। इस पर करीब 296 करोड़ रुपए खर्च किए गए। अब मेटनेंस के लिए 2.26 करोड़ की लागत से बिलट्रैक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को मेंटेनेंस का काम दिया गया है। इसी प्रकार टाटीबंध से नेहरूनगर तक सड़क के मेंटेनेंस पर करीब 45 करोड़ रुपए फूंके गए। वर्तमान में कोसानाला के पास सड़क चौड़ीकरण और नाले पर पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी वजह से भी लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। मुंबई से कोलकाता एनएच-53 पर चलने वाले वाहन चालकों को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। वहीं स्थानीय वाहन चालकों को धूल के गुबार से परेशान होना पड़ रहा है।



*हावड़ा-मुंबई मुख्य सड़क मार्ग पर नेहरूनगर से टाटीबंध तक बने फोरलेन की दुर्दशा ने इस मार्ग पर सफर करने वालों को परेशान कर दिया है। पहले सड़क का घटिया निर्माण अब बनाए गए चारों फ्लाई ओवर घड़ी चौक सुपेला, पावर हाउस, डबरापारा और कुम्हारी की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण हुए तीन साल ही महज हुए हैं। फ्लाईओवर की सड़कें उखड़ने लगी हैं। बता दें कि घड़ी चौक सुपेला फ्लाईओवर उद्घाटन के महज तीन दिन के अंदर ही धंस गई थी। इस मामले में न कोई जांच हुई न ही कार्रवाई। पूरे मामले में लीपापोती हो गई।*

### कुम्हारी टोल प्लाजा को भी हटाने का प्लान

एनएच पर बने कुम्हारी टोल प्लाजा को भी हटाने की योजना है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इसे कब तक हटाया जाएगा। समाजसेवी संगठनों और छत्तीसगढ़ में ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसायियों द्वारा इसे कुम्हारी टोलप्लाजा को हटाने की मांग की जा रही है। ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसायियों का कहना है कि मियाद खत्म होने के बाद भी टोल वसूली जारी है। पिछले दिनों कांग्रेस ने जमकर बवाल भी किया। आरोप है कि दुर्ग जिले और सीमा में 60 किलोमीटर की सीमा पर ही तीन-तीन टोल हैं। जबकि राष्ट्रीय परिवहन विभाग के नोटिफिकेशन कर रखा है कि 60 किमी में एक ही टोल होगा। बावजूद तीन-तीन टोल हाईवे पर संचालित हैं।

### चारों फ्लाई ओवरब्रिज में दिक्कत

निर्माण एजेंसी ने सुपेला से चंद्रा-मोर्या, पावर हाउस, डबरापारा और कुहारी में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण किया। पहले सुपेला फ्लाई ओवर का निर्माण कर राहगीरों के लिए खोला गया। यहां तीन माह में सड़क धंस गई थी, सड़क पर बड़े-बड़े गढ्ढें हो गए। इसके बाद पावर हाउस लाई ओवर को खोला गया। जिसमें छः माह में गढ्ढे और कई जगह सड़क धंस गई। फिर डबरापारा ब्रिज को खोला गया। इस फ्लाई ओवर में भी गढ्ढे हो गए। इसके 6 माह पूर्व कुहारी लाई ओवर ब्रिज को खोला गया। अब उसकी स्थिति भी खराब है। ब्रिज की सड़क पर बड़े बड़े गढ्ढे हो गए हैं। मेंटनेंटस का काम चलने से समस्याओं को कम करने का काम नेशनल हाइवे द्वारा किया जा रहा है।

### डामरीकरण के नाम पर खानापूर्ति, काम अब भी अधूरा

टाटीबंध से नेहरू नगर तक करीब 27 किलोमीटर तक 45 करोड़ रुपए में डामरीकरण कराया गया। 9 महीने में काम पूरा कराया जाना था, जो अब भी अधूरा है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने टाटीबंध से मीलिंग का काम शुरू कराया था। सड़क को आवश्यकता के अनुसार 10 से 20 एमएम तक खोदकर समतल किया गया। इसके बाद डामरीकरण का काम हुआ। इधर एनएच पर ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए सुपेला थाना के पास कोसानाला पुल को भी चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। यहां बने टोल के स्ट्रक्चर को तोड़ दिया गया है। साथ ही जो एनएच कर्व में घूमी थी, उसे भी सीधा किया जा रहा है। जिससे दुर्घटना की आशंका को कम किया जा सके। कोसानाला पर पुल बनाने के लिए पाइलिंग का काम भी शुरू कर दिया गया। पुल बनने के बाद सड़क को चौड़ा किया जाएगा। इससे यहां से गाड़ियां आसानी से आवागमन कर पाएंगी।



**“ काम ठीक-ठाक किया जा रहा है**

सड़क मेंटनेंस का काम ठीक हुआ है। सड़को में जहां-जहां दिक्कत है, उसे दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। आने-जाने वालों को कोई दिक्कत न हो ऐसा प्रयास हो। ठेका कंपनी को भी हिदायत दी गई है। - **विजय बघेल** सांसद दुर्ग

**“ चारों फ्लाई ओवर ब्रिज का मेंटनेंस हो रहा**

2.26 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाई ओवर ब्रिजों का मेंटनेंस का काम शुरू हो गया है। इसे तीन माह में पूरा करना है। कंपनी बेहतर ढंग से काम कर रही है। इसमें सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। - **एस नायक**, जीएम, बिलट्रैक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी

## ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी सवार बहनों को कुचला, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

कॉलेज जा रहीं सगी बहनों के ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी बहन गंभीर रुप से घायल होने से उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

- बड़ी बहन गंभीर रुप से है घायल आरोपी चालक फरार

चालक मौके से फरार हो गया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी सुहानी सिंह और खुशी सिंह दोनों अपने वाहन से कुरुद स्थित रूंगटा कॉलेज गए हुए थे। जहां से अपने तीसरी बहन से मिलने नवोदय विद्यालय नगपुरा जाने के लिए स्कूटी से निकली थी। इस दौरान कुटेलाभाटा के पास ट्रैक्टर चालक ने लापपरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार सुहानी, खुर्सी को चपेट में लिया। हादसे में मौके पर सुहानी की मौत हो गई वहीं



उसकी बड़ी बहन खुशी के कमर पर ट्रैक्टर चढ़ने से गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सुहानी रुंगटा कालेज बायोटेक में प्रवेश लेने गई हुई थी। खुशी डी फार्मेसी की पढ़ाई करती है। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतका का एक भाई और तीन बहन है। सुहानी के मौत के बाद दो बहन एक भाई हो गए है। बताया जा रहा कि कुठेलाभाठा स्थित आईआईटी भिलाई के गेट नंबर 2 के सामने मोड़ पर ट्रैक्टर व स्कूटी सवार का हादसा हुआ है।

## दो ट्रक भिड़े, लगा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शुक्रवार की दोपहर को सुपेला फ्लाई ओवर ब्रिज के पास दो ट्रक आपस में भिड़ गए। रायपुर से दुर्ग की ओर जा रहा ट्रक सामने खड़ी कार को ठोकर मारते हुए साइड में खड़ी दूसरी ट्रक से भिड़ गई। हादसे के बाद ट्रक का चालक फरार हो गया। घटना के बाद फ्लाईओवर पर लंबा जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने जेसीबी के सहारे ट्रकों को अलग किया और जाम खुलवाया। मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर 3 बजे सरिया लोडेड ट्रक दूसरे ट्रक से जा भिड़ी। फ्लाईओवर के संजय नगर सुपेला वाले हिस्से के अंतिम छोर पर कार को ठोकर मारकर ट्रक चालक फ्लाईओवर के एक ओर खड़ी ट्रक को ठोक कर फरार हो गया। हादसे में कोई हताहत तो नहीं हुआ लेकिन हादसे के कारण फ्लाईओवर पर लंबा जाम लग गया। 40 मिनट तक अफरा तफरी का माहौल फ्लाई ओवर में मचा रहा।

## तीन बार तलाक बोलकर महिला को घर से बाहर निकाला

**भिलाई।** दहेज में बाइक नहीं देने पर पति ने अपनी पत्नी को तीन तलाक का हवाला देकर घर से भगाने का मामला सामने आया है। इस दौरान पति ने मारपीट की और सास ने कैंची से हमला कर दिया। आरोपी पति सुपेला निवासी है। सुपेला निवासी नासीर अली के साथ बिलासपुर तारबाहर निवासी 22 वर्षीय युवती के साथ दिसंबर 2022 को हुआ था। युवती के परिजनों ने अपने हैसियत के मुताबिक नासीर अली को दहेज में उपहार दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के महज 10 दिन बाद से ही ससुराल में तानों और प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। तलाक पीड़िता का आरोप है कि पति ने दहेज में बाइक की मांग की थी, लेकिन मायके की आर्थिक स्थिति बताते हुए बाइक देने से इंकार कर दिया। इससे पति और सास आए दिन उसे प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता प्रताड़ना से परेशान होकर दस माह बाद अपने मायके चली गई। पति ने तीन बार तलाक, तलाक, तलाक बोलकर उसे घर से बाहर निकाल दिया।

## शादी से मना किया तो लोक कलाकार पर फेंका गर्म तेल

**भिलाई।** शादी से मना करने पर महिला लोक कलाकार शकुंतता मारकंडेय के चेहरे पर गर्म तेल फेंकने का मामला प्रकाश में आया है। बुरी तरह झुलसी हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने युवक राकेश साहू के खिलाफ धारा 124(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर जिला अस्पताल से फोन पर जानकारी मिली है। कैंप 1 नेहरु चौक भिलाई निवासी शकुंतला मारकण्डेय 34 वर्ष का उपचार चल रहा है। इसके बाद छावनी पुलिस बयान लेने अस्पताल पहुंची थी। शकुंतला के मुताबिक वह लोक कलाकार और लोकदर्पण छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम करती है। पड़ोसी राकेश साहू नामक युवक उससे शादी की जिद कर रहा है। शादी करने से मना करने पर चेहरे में एसिड डालने की धमकी दी। शकुंतला ने बताया कि 15 अप्रैल को वह यूपी के मिर्जापुर में कार्यक्रम देने पहुंची थी। 12 जून की शाम 4.30 बजे अपनी बेटी हर्षिता के साथ वापस अपने घर केम्प 1 का दरवाजा खोल रही थी। तभी राकेश साहू आया और एक बार फिर शादी की बात की। इंकार करने पर उसे गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगा। राकेश अपने साथ कटोरी में गर्म तेल लाया और चेहरे पर फेंक दिया।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
**9300663610, 7489348301**

निजी स्कूलों को आरटीई के प्रकरणों को सत्यापन करने दिया प्रशिक्षण

# 60% से कम रिजल्ट वाले स्कूलों को व्यवस्था सुधारने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जिले में दसवी और बारहवीं बोर्ड में 100 प्रतिशत रिजल्ट वाले 22 विद्यालयों के प्राचार्यों को शुक्रवार सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड में 60 प्रतिशत से नीचे परिणाम वाले स्कूल प्रबंधकों को यह सख्त हिदायत भी दी है कि वे इस साल पूरी व्यवस्था सुधारें जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चे उत्कृष्ट परिणाम ला सके। इसके अलावा युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज स्कूलों में प्राचार्य हेड रहेंगे।



27 प्राचार्य हुए सम्मानित

### आरटीई का मिला प्रशिक्षण, निजी स्कूलों को तलब

जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के निजी स्कूलों को भी तलब किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, एपीसी अमित घोष, पुष्पा पुरूषोत्तमन की मौजूदगी में निजी स्कूलों को आरटीई प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि बच्चों के पोर्टल में आवेदनों व दस्तावेजों का सत्यापन कैसे करना है। किस तरह फर्जी प्रकरणों को निपटने के लिए सर्तकता बरतें। सीटों की गणना कैसे की जाती है आदि पर जोर दिया गया।

### 16 जून को पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने मौजूद संस्था प्रमुखों को से कहा कि 16 जून से पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण करना है। इसलिए आवश्यक तैयार कर लें। पाठ्यपुस्तकों में बार कोड है उसका स्कैन कर बच्चों का वितरण करना है। बच्चे गणवेश पहनकर शाला आएं इसलिए गणवेश वितरण करें और उसका प्रापर रिकार्ड मेंटन किया जाएगा।

### प्रवेशोत्सव मनाया जाए पहले दिन

संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि पहले दिन 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाए। प्रवेशोत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रित करना है। आधार कार्ड का शत-प्रतिशत बच्चों का बने इसके लिए शिविर लगेगा। शिविर 23 जून से अलग-अलग स्थानों पर लगाया जाएगा।

### अपार आईडी बनाने पर दिया जोर

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने संस्था प्रमुखों का अपार आईडी बनाने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि हर बच्चे का अपार आईडी बनना है इसलिए सबसे पहले बच्चों का आधार कार्ड शत-प्रतिशत बना लें। आधार कार्ड के आधार पर ही अपार आईडी , जाति प्रमाण पत्र आदि बनेंगे।



## खबर संक्षेप



### विधायक ने सुनी लोगों की समस्या

**भिलाई।** विधायक ललित चंद्राकर में शुक्रवार को अपने निवास पर लगे जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी और निराकरण किया। लोगों ने विधायक के सामने सीवरेज, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास, नाली, बिजली लाइन, स्कूलों में टीचर, राजस्व प्रकरण, बाटा हिस्सा, नामांतरण, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, बरसात में गावों में कीचड़ समस्याएं , बिजली की समस्याएं रखी। विधायक ने तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समय पर समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि वे लोगों की सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। विधायक ने आगे कहा की प्रति दिन क्षेत्र की जनता से शिष्टचार भेंटकर उनकी समस्याओं का संबंधित अधिकारियों को निर्देशित त्वरित निराकरण किया जाता हैं। जानता की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है।

### धमधा नगर सहित अंचल में बिजली कटौती से लोगों को हो रही परेशानी

# क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा में पूरे नगर सहित क्षेत्र में इन दिनों बिजली की अघोषित कटौती अपने चरम सीमा पर है। पूरा नगर इस भीषण बिजली कटौती परेशानी से जूझ रहे हैं। एक तरफ बिजली बिल की भारी मार और दूसरी तरफ बिजली पर्याप्त रूप से ना मिल पाना लोगों के लिए बड़ी परेशानी की जड़ बन गई है। अगर बात करें तो दिन के पूरे 12 घंटे और रात के पूरे 12 घंटे में तकरीबन 20 से 30 बार बंद चालू जैसी आंख मिचौली विद्युत विभाग द्वारा बिजली व्यवस्था में की जाती है।

हवा पानी जैसे प्राकृतिक वातावरण में तो एक-दो घंटा बिजली की कटौती आम बात सी हो चली है। मेंटनेंस के नाम पर विभाग जीरो है। पिछले कई दिनों से रात को घंटो लाइन बंद किया जाता है और जीवन की सबसे अहम मूल्य पेयजल व्यवस्था पर भी इसका काफी असर पड़ा है। एक तो इस भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था पूर्ण नहीं हो पा रही है वहीं जिस समय में पीने के पानी का नल नगर में चालू होता है और जब तक के बंद होता है। उसे समय अवधि में बिजली की कटौती की जाती है जिससे नगर के लोग काफी परेशान है।

**व्यवस्था जल्द ही नहीं सुधारी गई तो होगा बड़ा आंदोलन**



बात करें विद्युत के बार-बार आंख मिचौली से कई घरों में विद्युत से चलने वाली चीजें खराब हो रही है। बार-बार लाइट बंद चालू होने की वजह से इलेक्ट्रॉनिक चीजों का खराब होना लाजमी है। नगर में व्याप्त इस बड़े परेशानी के चलते नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के द्वारा शुक्रवार को विद्युत विभाग का घेराव करने का और व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर बड़े पैमाने पर आंदोलन करने का ज्ञापन धमधा विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि पिछली भूपेश सरकार ने तो बिजली बिल हाफ किया था और वर्तमान की भाजपा सरकार ने तो बिजली को ही हाफ कर डाला। आमजनों से इस प्रकार विद्युत आपूर्ति में खेल करना और बिजली बिल को बड़े पैमाने पर वसूली करना क्या यही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में लिखा हुआ है। जनता त्रस्त है अधिकारी मस्त है और छत्तीसगढ़ की सरकार जुमलेबाज़ी में व्यस्त है। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता, निर्मल कुमार जैन, शमशेर कुरैशी, हिम्मत लाल ढीमर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रजत नायक, सुमंत ताम्रकार, दुखवा पटेल, जितेंद्र वर्मा, देवनाथ सोनकर, नंदकुमार निर्मल, दिनेश पटेल, मुकुल यादव, ओम नारायण ताम्रकार, दीनबंधु सोनकर, संदीप गुप्ता, विनोद कुमार, ठाकुर राम, मनोज यादव, कलीम मोहम्मद कुरैशी, उमेश चंद्र यादव, ज्वाला प्रसाद, किशन ढीमर, विनोद पटेल, राधे साहू, परमेश्वर साहू सहित नगर के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## घर-घर नल जल योजना का लाभ पहुंचाने आप ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नल जल योजना के नाम पर सरकार ने करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की है। कई जगह पर बड़े-बड़े पानी टंकी का निर्माण करवाया सड़कों तथा गलियों को खोद कर पाइपलाइन बिछाई गए है लेकिन जिस योजना का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार की कार्य किया गया था उस लाभ से गरीब तथा मजदूर जनता आज भी वंचित है।

■ गरीब तथा मजदूर जनता आज भी वंचित

दैनिक मूलभूत कार्यों की शुरुआत का पानी के द्वारा ही होती है महिलाएं बिना पानी के घर में किसी भी कार्य को नहीं कर पाती है। परंतु नल जल योजना भी आज भ्रष्टाचार की भेट चढ़ चुकी है। सड़कों तक नल का कनेक्शन पहुंचने के बावजूद भी घरों में नल की सुविधा प्रदान करने के लिए पार्षदों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के नाम पर गरीब मजदूर लाचार जनता से 3000 से लेकर 8000 तक की राशि की मांग की जा रही है। वार्ड वासियों ने अपनी समस्या आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी संजीत विश्वकर्मा तथा गीतेश्वरी बघेल से आकर साझा किया उन्होंने जनता की आवाज बनकर 13 जून को नगर निगम रिसाली में नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन को घर-घर तक पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी में प्रदेश संगठन मंत्री एवं दुर्ग संभाग प्रभारी संजीत विश्वकर्मा, दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल, वरिष्ठ सदस्य अजय रामटेके, मोहसिन अहमद, शिवा रायुडु, रमेश विभार, लक्ष्मी निर्मलकर, ओम बाई मरार , कामिनी साहू, शशि कला मेहता,खुशबू साहू, पुष्पा रावते, जानकी, आग्रहिक, चंद्रकला, गीतेश, मंजू, मानबाई आदि उपस्थित थे।

### समस्या का निराकरण शीघ्र कराएं

विडंबना यह है कि नगर निगम आयुक्त तथा महापौर को जनता की इस गंभीर समस्या से कोई वास्ता ही नहीं है। दोपहर के 1 बजे तक नगर निगम में नहीं आयुक्त की उपस्थिति दिखाई देती है और ना ही महापौर की। गरीब जनता सुबह 10 बजे से उनका इंतजार करते-करते थक गई अंत में निगम के अधिकारी दुबे को ज्ञापन देकर आम आदमी पार्टी के द्वारा निवेदन किया गया कि इस समस्या का निराकरण में शीघ्र अतिशीघ्र कराए। रिसाली नगर निगम के अलावा दुर्ग के अन्य सभी नगर निगम क्षेत्र के अन्य नगर निगम में नल जल कनेक्शन को घर तक पहुंचाने के लिए बीपीएल कार्ड धारी से किसी भी प्रकार की राशि के भुगतान का प्रावधान नहीं है परंतु अधिकारियों का कहना है कि क्योंकि रिसाली नगर निगम नवीनतम नगर निगम है। इसलिए यहां पर नल जल कनेक्शन को घर तक लेकर जाने के लिए 5000 तक की न्यूनतम राशि का भुगतान करना आवश्यक है। गरीब तथा मजबूर जनता स्तब्ध है वह अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति तो सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। इसमें 5000 का अतिरिक्त दबाव वह किस प्रकार से वहन करेंगे।

## गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जिला पंचायत दुर्ग का नाम दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का महत्व सिर्फ लाभार्थियों को पक्का छत मुहैया कराना ही नहीं है साथ ही उन्हें बेहतर जीवनशैली स्वच्छ और स्वच्छ पर्यावरण के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन भी है। इसी तारतम्य में जिला पंचायत दुर्ग अंतर्गत पाटन दुर्ग और धमधा विकासखंड की ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना से बनाए जा रहे आवास के साथ-साथ वर्षा जल संचयन के संदेश देने के लिए जिले की 1200 आवास हितग्राहियों के घरों में स्वप्रेरणा से सोकपीट निर्माण कार्य कराया गया। जिसमें पाटन विकासखंड के 108 ग्राम पंचायतों में 432 सोकपीट निर्माण कराया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की तरफ से डॉ. मनीष विश्नोई डायरेक्टर और सुबोध कुमार सदस्य द्वारा पाटन ब्लाक में आवास हितग्राहियों द्वारा स्वप्रेरणा से बनाए जा रहे सोकपीट का निरीक्षण किया गया जिसमें ग्राम पंचायत ढौर माणिकचौरी और पतोरा का दौरा कर आवास हितग्राहियों से चर्चा की और वर्षा जल संचयन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दुर्ग बजरंग दुबे, सीईओ जनपद पंचायत पाटन पठारे, अभिजीत बबन आईएएस, मनरेगा एपीओ अरदीप ढीढी, अतिरिक्त सीईओ श्वेता यादव, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी डालिमलता नाग, एसडीओ राकेश वर्मा, सरपंच ढौर मेघा ठाकुर, सरपंच माणिकचौरी महेश साहू, सरपंच पतोरा भुनेश्वर साहू, सचिव महेंद्र साहू, प्रदीप चंद्राकर, श्यामा चंदेल आदि उपस्थित थे।



### दिव्या ने जीता राष्ट्रीय पुरस्कार

**दुर्ग।** दाजर्लिंग शहर के मॉल रोड स्थित गोरखा आडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता आल इण्डिया नेशनल डांस म्युजिक इंस्ट्रुमेंट एवं फाइन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। यह आयोजन कत्थक रॉकर्स संस्था के डायरेक्टर चेतन बोरकर द्वारा वर्ष 2018 से तारंगण एवं नृत्या रंजन नामों से देश के विभिन्न शहरों में प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष दुर्ग शहर के निशा नृत्य कला की छात्रा दिव्या यादव ने सब-जूनियर केटेगरी में एकल कत्थक नृत्य में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त किया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु नृत्य रंजनी पुरस्कार प्राप्त किया और आगामी वर्ष के प्रतियोगिता के हेतु सीधी एंट्री प्राप्त की। दिव्या यादव ने इसके बाद दो जून को सब जूनियर युगल-सेमी क्लासिकल (कत्थक) में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर अपने गुरू अरुणिमासेन अनामिका सेन तथा अपने पिता उमेश यादव माता इद्राणी यादव का नाम रोशन किया है।

## ग्राम पंचायत अंडा में सीसी रोड का किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा में वार्ड नंबर 3 में सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। कार्य के समय जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने बताया कई वर्षो से वचित वार्ड क्रमांक 3 में कार्य हो रहा हैं। विकास प्राधिकरण से बन रहा है जिसमें वार्डवासियों ने हर्ष जताया कि कई वर्षों के बाद हमारे मोहल्ले का सीसी रोड बन रहे हैं। जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र विधायक ललित चन्द्राकर का आभार व्यक्त किया गया। सरपंच ने बताया कि यह कार्य 310 मीटर के दूरी और लागत 10 लाख के आस पास से यहां कार्य हो रहा है । इस अवसर पर पंचायत सचिव



रूपेश सिंह, उपसरपंच यशवंत बंजारे, पंचगण गोपाल साहू, फत्ते चन्द्राकर, हेमेंद्र चौहान, यादवेंद्र चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीणजनों ने हर्ष जताया।

# निकुम में 19 जून से शिव महापुराण कथा के लिए कई रुट डाइवर्ट, चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग जिले से महज 25 किमी दूर ग्राम निकुम में आगामी 19 जून से 23 जून तक अंतरराट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिवमहापुराण कथा होनी है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की पहुंचने की आशंका को देखेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस क्षेत्र में लगातार मेहनत करते दिख रही है। पुलिस अधिकारी क्षेत्र में लगातार

■ जगह -जगह पुलिस की तैनाती भक्तों का लगेगा तांता

व्यवस्था में लगे हुए हैं जिसके चलते निकुम क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदल जाएगी औश्र 19 जून से रुट बदल जायेगी। बिना परमिशन भारी वाहनों पर एंट्री बैन रहेगी।

वही थाना प्रभारी अंडा भानुप्रताप साव ने कहा कि सभी यातायात के नियमो को पालन करे, जिसमें यातायात में 200 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। वहीं बड़ी संख्या में कथा स्थल में पुलिस की तिरझी नजर रहेगी। वहीं शिव महापुराण निकुम के संयोजक पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख ने कहा कि इस आयोजन में शासन प्रशासन सहित सभी का सहयोग कर रहे हैं। वहीं शिव भक्तो के लिए बैठने, पेयजल सहित भोजन भंडारा रहेगा और इस आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज नेता आएंगे।



### शिवभक्तों के लिए यह रहेंगे रूट, करेंगे वाहन पार्किंग

**रायपुर, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, पुलगांव चौक से ओर जायेगी वाहन:** रायपुर, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग पुलगांव चौक से कोनारी मोड़ भरदा से शिवनाथ नदी पुल से होते हुए तांदुला सेतु ग्राम आलबरस से कार्तिकेय फयुल से होते हुए खाड़ा, रुदा, भोथली से होते हुए तिरगा से खुर्सीपार चौक से गोड़ेला में पार्किंग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुंचेंगे।

**अंजोरा से कथा स्थल निकुम:** कवर्धा, बेमेतरा, भिलाई से अंजोरा से बिरेझर से खाड़ा, रुदा भोथली से होते हुए तिरगा से खुर्सीपार चौक से गोड़ेला में पार्किंग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुंचेंगे।

**सोमनी से राजनादगांव की पार्किंग व्यवस्था:** सोमनी से ईरा, झोला, तिरगा से गोडेला चौक में स्थल में वाहन पार्किंग कर पैदल कथा पंडाल निकुम पहुंचेंगे।

**अर्जुन्दा से मोंहदी पाठ चौक पार्किंग स्थल:** जिले के बालोद, धमतरी, अर्जुन्दा से डुड़िया चौक से मोंहदीपाठ में पार्किंग स्थल से कथा पंडाल पहुंचेंगे।

**अण्डा अटल चौक से कथा स्थल:** रायपुर, दुर्ग, धमतरी से अटल चौक से चिंगरी से अछोटी से आलबरस से खाड़ा, रुदा भोथली से होते हुए तिरगा से खुर्सीपार चौक से गोड़ेला में पार्किंग कर कथा स्थल निकुम भाठापारा कथा स्थल पहुंचेंगे।

**अंडा बस स्टैण्ड से निकलकर पार्किंग होगी वाहन:** अंडा बस स्टैण्ड से विनायपुर, आमटी से रुट डार्यवर्सन कर भिलाई से खुरसुल में वाहन पार्किंग कर कथा स्थल जायेंगे।

**अर्जुन्दा से कथा स्थल पार्किंग:** बालोद, धमतरी, अर्जुन्दा से ओड़ाडसकरी से चीचा से भिलाई से खुरसुल में पार्किंग कर कथा स्थल पहुंचेंगे।

### व्यापमं एडीओ परीक्षा की द्वितीय ब्रीफिंग में दिया अधिकारियों को प्रशिक्षण

**दुर्ग।** व्यापम रायपुर द्वारा 15 जून को सुबह 10 से 12.15 तक आयोजित होने वाली एडीओ अर्थात सहायक विस्तार अधिकारी परीक्षा 2025 में सुबह 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के दौरान अपना वैध प्रवेश पत्र तथा फोटो युक्त परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। इस बिन्दु की शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में समन्वय केन्द्र द्वारा दो पालियों में आयोजित केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक क्रमांक 1 तथा समन्वय केन्द्र द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक क्रमांक 2 के ब्रीफिंग सेशन में जानकारी दी गई। समन्वयक एवं साईंस कालेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में 70 परीक्षा केन्द्रों के 280 अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण देने वालों में नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर डॉ. संजय कुमार दास तथा प्रोफेसर विकास पंचाक्षरी शामिल थे। इनके अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समन्वयक डॉ. अजय कुमार सिंह, सहायक समन्वयक डॉ. ए.के. खान, डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं नोडल अधिकारी हितेश पिस्दा ने भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त होमन लाल भोसले भी उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### भिलाई मेयर नीरज पाल ने दीप प्रज्जवलित कर जादू शो का किया उद्घाटन, पहले ही शो में छा गए जादूगर दीप कुमार



**भिलाई** । अय्यप्पा मंदिर (ऑडिटोरियम) एयरकूल्ड सेक्टर 2 भिलाई में शुक्रवार 13 जून शाम से जादूगर दीप कुमार के विश्व प्रसिद्ध इंद्रजाल शो का भव्य आगाज़ हुआ। शो का शुभारंभ भिलाई महापौर नीरज पाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। शो के दौरान जादूगर ने ढेर सारे नवीनतम जादू दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया और प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने लगा। जादू शो देखने के बाद लोगों ने कहा कि ऐसा नजारा बहुत ही कम देखने को मिलता है। जिसे हम अपने पूरे परिवार के साथ एक साथ बैठ कर देख सकते हैं एवं जादूगर दीप कुमार के वर्षो की कला साधना, विज्ञान के प्रचार प्रसार और सामाजिक हित में चलाए जाने वाले उनके मैजिक की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि भिलाई के लोगों को एक अच्छा कार्यक्रम दिखाने के लिए हम आभार व्यक्त करते हैं और हर शो हाउसफुल हो यही शुभकामनाएं देते हैं। विश्व के महानतम शोमैन द्वारा सभी दर्शकों को रोमांचित और आनंदित करने का दौर पल पल एक नया चमत्कार और नए-नए बदलते ड्रेस मे जादूगर का मंच पर आना, कभी लड़की को मंच पर बुलाकर 10 फीट हवा में उड़ाया तो कभी सुंदर सी लड़की को 4 पार्ट में कर के दिखाया, तो कभी खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया। कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे जबरदस्त माइम मैजिक दिखा कर जादूगर ने सभी की चकित कर दिया। यह शो कई जन संदेशों से भरा था जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा। शनिवार से यहां ऐसे ही अचरज मे डाल देने वाले रोजाना दो शो , 4 बजे एवं संध्या 7बजे से दिखाए जाएंगे, रविवार को 3 शो दिखाया जाएगा 1 बजे, 4 बजे एवं संध्या 7 बजे जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिला करेगा, ऑनलाइन टिकट www.jadugardeep.com से एडवांस मे भी लिया जा सकता है। जादू शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमारा जादू शो शुक्रवार शाम को शुरू हुआ है जो कि लगातार 24 दिनों तक चलेगा।

### छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ कॉमर्स और कंप्यूटर संस्थान कमल सर एकेडमी में प्रवेश प्रारंभ

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित 'कमल सर एकेडमी' ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और उत्कृष्ट परिणामों से यह सिद्ध कर दिया है कि यह राज्य का सर्वश्रेष्ठ कॉमर्स और कंप्यूटर कोचिंग संस्थान है। जहां कक्षा 11वीं और 12वीं अकाउंट्स इकोनामिक्स, बिजनेस स्टडीस, के साथ-साथ सीए/सीएस/सीएमए फाउंडेशन, डीसीए, पीजीडीसीए, टेली प्राइम और सीयूईटी जैसी उच्च स्तरीय प्रतियोगी व स्किल कोर्सेस की भी उत्कृष्ट तैयारी कराई जाती है। वहीं 20 जून तक 11वीं और 12वीं में प्रवेश लेने पर मिलेगा 10% का विशेष डिस्काउंट मिलेगा और यह ऑफर सीमित समय के लिए है, फ्री डेमो क्लासेस भी उपलब्ध है। वहीं संस्थान के गौरवशाली 12वीं के परिणाम में पंकज साहू 88 प्रतिशत, गगनदीप 80, वंशिका शुक्ला 80, सौम्या देवांगन 79, भूमिका 72, करन 68, तनय साहू 63, नीलम 62 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। इन शानदार परिणामों के पीछे कमल सर एकेडमी की अनुभवी शिक्षकों की टीम, नियमित टेस्ट, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और समर्पित शैक्षणिक माहौल का बड़ा योगदान है।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रमाणिकरण शिविर



**अंडा।** जिला कलेक्टर दुर्ग के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में 12 जून को सिकल सेल दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रमाणिकरण शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में किया गया। जिसमें 35 हितग्राहियो का पंजीकरण किया गया जिसमें 21हितग्राही का दस्तावेज समाज कल्याण विभाग को सौंपा गया है। उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ तृप्ति तिवारी मेडीसिन विशेषज्ञ, डॉ मनीषा ठाकुर शिशु रोग विशेषज्ञ एवं कंसलटेन्ट प्रितिका पवार, डॉ. एनएल बंजारे खण्ड चिकित्सा अधिकारी, डॉ. साक्षी ठाकुर चिकित्सा अधिकारी, जीआर भूआर्य आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक..... रा. नि. 2025,

कोहका, दिनांक: 10/06/2025

प्रति,
आवेदक-श्रीमती किरण खण्डेलवाल, श्रीमती शैल, श्रीमती अनिता निवासी तालपुरी/A ब्लॉक लोटस-2, भिलाई विरूद्ध बरखा खण्डेलवाल पति संजय खण्डेलवाल निवासी : कमला मेडिकल स्टोर सुपेला मार्केट, भिलाई

विषय :- नक्शा बटांकन, सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1453/1, 1453/2, 1454, 1455, 1456, 1457, 1458, 1460 रकबा 0.5200 हे. का नक्शा बटांकन, सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक .............. दिनांक 13/05/2025 के परिपालन में दिनांक 17/06/2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में नक्शा बटांकन, सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

**न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ 202506104000034/अ-6/ वर्ष 2024-25
ग्रामः- मुड़पार, प.ह.नं. 04

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका बिंदू बागेश्वर पति अनन्त बागेश्वर, साकिन सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदक पेश कर लेख किया गया है कि मौजा मुडपार, प.ह.नं.-04 तहसील अहिवारा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 250/1 का टुकडा रकबा 0.0550 हे. भूधारक/विक्रेता परभू पिता गैंदाराम गायकवाड, जाति सतनामी, साकिन मुडपार, के तरफ से आम मुख्यार राजेश ठावरे पिता बी.बी. ठावरे, साकिन भिलाई को क्रेता बिंदू बागेश्वर पति अनन्त बागेश्वर, साकिन सेक्टर-6 भिलाई के नाम पर पंजीकृत बैनामा दिनांक 22.03.2018 को क्रय किया गया है, उक्त भूमि का पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर भूधारक/विक्रेता का नाम विलोपित कर क्रेता के नाम पर नामांतरण दर्ज करने हेतु निवेदन किया जाकर आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति, वर्तमान खसरा बी-1, एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियाँ/दावा रखने वाला जिस व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 03/07/2025 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक :- 03.07.2025
जारी दिनांक :-10.06.2025

मुहर

तहसीलदार
अहिवारा,
जिला दुर्ग (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### विधायक गजेन्द्र यादव स्वस्थ, लौटे घर

**दुर्ग।** स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण दो दिन अस्पताल में भर्ती होकर चिकित्सकीय उपचार पश्चात विधायक गजेन्द्र यादव घर लौट गये है। चिकित्सको ने पूरी तरह से स्वस्थ होने के उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए है। उन्होंने सभी के स्नेह और शुभकामनाओ के लिए हृदय से आभार जताया है। जल्दी ही जनता की सेवा में पुनः सक्रिय होंगे। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों घर के सामने टेनिस खेलने के दौरान वे घायल हो गए थे। उनकी तबियत बिगड़ने के ब ाद अस्पताल में भर्ती किया गया था।

युगल सरपंच संघ के अध्यक्ष और धर्मेन्द्र व अरूण बने उपाध्यक्ष

### संघ के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए



**दुर्ग।** ग्राम पंचायत मचांदूर के सरपंच युगल किशोर साहू दुर्ग जनपद सरपंच संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए संघ के सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए ग्राम पंचायत डुमरडीह सरपंच धर्मेन्द्र बंजारे व समोदा सरपंच अरुण गौतम उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी प्रकार अनिल बंजारे खेदामारा सचिव, सुशील साहू ननकठ्ठी कोषाध्यक्ष, खुमान निषाद कोड़िया एवं कीर्तन साहू कचांदूर मीडिया प्रभारी, दुलारी देशलहरे खम्हरिया कानूनी सलाहकार एवं जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी तथा पूर्व सरपंच नगपुरा भूपेन्द्र रिगरी संघ के संरक्षक बनाए गए हैं सरपंच संघ के इस चुनाव के दौरान दुर्ग जनपद पंचायत क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायत के सरपंच मौजूद थे। सरपंच संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष युगल किशोर एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि, जनपद क्षेत्र के ग्रामीण विकास के लिए वे सदैव क्षेत्र के सरपंचों के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही सरपंच के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न प्रकार की आने वाली समस्याओं का सामूहिक रूप से समाधान निकालने का प्रयास करते हुए एकजुटता से कार्य करेंगे संघ के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का जनहित में बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में भी सदैव तत्पर रहेंगे।

# दो घंटे में बनाया 12 सौ सोकपीट, बचाए साठ लाख, वर्ल्ड रिकार्ड में भेजा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल संकट से राहत पाने और लोगों को जागरूक करने जिले में महज दो घंटे के अंदर 12 सौ सोकपीट का निर्माण किया गया है। एक साथ बनाए गए सोकपीट के इस रिकार्ड को जिला पंचायत ने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड नाम दर्ज करने का प्रस्ताव भेजा है।

जिले में जलस्तर बढाने ग्रामीण क्षेत्र में बनाए जा रहे पीएम आवास में सोकपीट बनाने अभियान छेडा गया। इस अभियान के तहत 13 जून 2025 को प्रधान मंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के 1200 घरों में एक साथ रिचार्ज सोकपीट का निर्माण किया गया। जिसके लिए निर्धारित समयावधि प्रातः 8 बजे से 10 बजे के मध्य निर्धारित किया गया था। प्रेसवार्ता के जरिए जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, उक्त सोकपीट की लंबाई, चौडाई और ऊंचाई ढाई फिट रखी गई थी। उक्त रिचार्ज सोकपीट निर्माण का मूल उद्देश्य घरों से निकलने वाले और छत से बहने वाले जल का सरंक्षण करना है।

## जिला पंचायत सीईओ की पहल पर जिलेभर में चलाया गया अभियान

### जन सहयोग से साठ लाख रूपए बचाए

रिचार्ज सोकपीट की निर्माण लागत 5000 हजार रूपये के मध्य है। लेकिन उक्त कार्य जन सहयोग से पूर्ण किया गया। श्री दुबे ने बताया कि, उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की स्वीकृति एवं शासकीय राशि का उपयोग नही किया गया है। उक्त 1200 रिचार्ज सोकपीट का निर्माण विशेष समयावधि में पूर्ण होने के कारण इसे गोल्डन बुक आफ वर्ड रिकार्ड में सम्मिलित किए जाने का प्रस्ताव दिया गया हैं। इस दौरान गोल्डन बुक आफ वर्ड रिकार्ड से डॉ मनीष विश्नोई व उनकी टीम में सुबोध कुमार एवं सोनल शर्मा जी सम्मिलित हुए है।



### सुआ नृत्य मापदंड में खरा नहीं

गोल्डन बुक आफ वर्ड रिकार्ड के डां मनीष बिश्नोई ने बताया कि, उन्होने बताया कि, करीब दर्जनभर गांव में सोकपीट का निरिक्षण कर जांच किया गया। बहरहाल जिला पंचायत को निर्धारित मापदंड पूरा करने पर रिकार्ड में उनका कार्य दर्ज किया जाएगा। उन्होने कहा इससे पहले दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में सुवा नृत्य कराए गए थे, उसे मापदंड में खरा नही होने के कारण रिकार्ड में शामिल नही किया गया। वही राजनांदगांव के सोमनी में आयोजित सुआ नृत्य को रिकार्ड में शामिल किया गया था।

## योजना : तीन माह का राशन एक साथ लेने लग रही दुकानों में भीड़

# दुकानों में भेजी गईं 657 पीओएस मशीनें, करेगा 70% बायोमैट्रिक स्कैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा जिले के सभी राशन दुकानों में नए पीओएस मशीन भेजे गए है। इस मशीन की खासियत है कि, यह 70 फीसदी बायोमैट्रिक स्कैनिंग में सक्षम होगी। पूर्व में जारी किए गए पीओएस मशीन तीस फीसदी अंगूठे की स्कैनिंग करने में सक्षम रहा है। अब तक जिले के 657 पीओएस मशीन भेजे जा चुके है।

खाद्य विभाग का दावा है कि, इस नए मशीन से बायोमैट्रिक में दिक्कत नही आएगी। पूर्व में बुजुर्ग और बच्चों के अंगूठे का निशान मशीन में नही आ पाता था, लेकिन इस नए मशीन से बायोमैट्रिक स्कैनिंग की समस्या दूर हो जाएगी। बहरहाल दुर्ग जिले में 657 राशन दुकानों के जरिए आबंटन किया जाता हैं। इसके लिए नए पीओएस मशीन भेजे जा चुकी है। तीन माह का राशन लेने हितग्राहियों को छः बार अंगूठा लगाना पड रहा है। केन्द्र और राज्य द्वारा अलग-अलग आबंटन कियाज जाता है। जिसके चलते छः बार अंगूठा लगाने से वितरण में पन्द्रह से बीस मिनट का समय लग रहा है। दूसरी बडी समस्या राशन दुकानों में जगह नही होने को लेकर बात सामने आ रही हे। जिले में ज्यादातर राशन दुकान छोटी है। राशन दुकान संचालक रोशन चंद्राकर ने बताया कि, उनके दुकान में एक माह का ही आबंटन रखने की जगह है। लेकिन तीन माह एक साथ आबंटन होने से दिक्कत आ रही है। ऐसे में वितरण के अनुसार आबंटन भेजने डिमांड भेज रहे हैं। ऐसी स्थिति में पहले आओ पहले पायो की स्थिति बनी हुई हैं।

## थंब नहीं ले पाने की आ रही समस्या, मोबाइल को बता रहे विकल्प



### गोदाम में डंप, दुकानों में जगह नहीं

तीन माह का एक साथ राशन आबंटन से दुकानों में स्टाक रखने जगह नही हैं। जानकारी अनुसार नागरिक आपूर्ति निगम के दुर्ग, करंजा, पाटन, हथखोज, कोदिया और धमधा गोदाम में पांच लाख क्विंटल से अधिक का राशन स्टाक में है। लेकिन राशन दुकानों में जगह नही होने के कारण अब तक दुकानों में एक साथ आबंटन नही हो पा रहा है। ऐसे में दुकान संचालक वितरित किए जाने के बाद आबंटन भेजने की मांग कर रहे है।

### हर माह डेढ़ लाख क्विंटल राशन का आबंटन

राज्य शासन द्वारा जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन आबंटन किए जाने के निर्देश दिए गए है। जिले के दुर्ग, धमधा और पाटन के ग्रामीण इलाको में 181589 राशन कार्डधारी है, वहीं जिले के निकायों में 280938 कार्ड है। इन्हें हर माह एक लाख 60 हजार क्विंटल से अधिक का चावल वितरित किया जाता हें।

### अंगूठा नही मिलने पर ओटीपी विकल्प

राशन दुकानों में बायोमैट्रिक मशीन से स्कैनिंग नही होने पर ओटीपी के जरिए राशन वितरण किया जा रहा है। भले ही विभाग द्वारा स्कैनिंग में दिक्कत नही होने का दावा कर रहे है, लेकिन अंगूठा का मिलान नही होने की समस्या अभी भी बनी हुई है। ऐसे में हितग्राहियों को राशन कार्ड के साथ मोबाइल भी लेकर आने को कहा जा रहा है।, ताकि ओटीपी के जरिए उन्हें राशन का वितरण किया जा सके।

### एडवांस मशीन

पहले से बेहतर मशीन दुकानों में भेजी गई है, यह 70 फीसदी तक स्कैनिंग में सक्षम है। आबंटन को लेकर जगह नही होने की स्थिति में पार्ट-पार्ट में आबंटन दुकानों में भेजा जा रहा है। **-टीएस अतरी,** खाद्य नियंत्रक दुर्ग

### वितरण के अनुसार

दुकान छोटी होने की समस्या तो मिल रही है। इससे बचने गोदामों से वितरण के अनुसार आबंटन किए जाने कहा गया है। उसी के अनुसार राशन दुकान संचालक डीडी जमा कर रहे हैं। **-विनोद ताम्रकार,** अध्यक्ष थोक उपभोक्ता भंडार

# पुराने सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तरण करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिक्षक साझा मंच छग द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें उन्होने 2 अगस्त 2024 युक्तियुक्तकरण नियम के तहत हुए युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार युक्तियुक्तकरण करने, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर पेंशन व अन्य लाभ देने मांग की है। मंच ने कहा कि वर्तमान में किए गए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में दावा आपत्ति नहीं लिया गया, कई मामलों में वरिष्ठ को कनिष्ठ एवं कनिष्ठ को वरिष्ठ बनाया गया।

■ मुख्यमंत्री शिक्षा सचिव और डीपीआई को ज्ञापन

समस्त रिक्त पदों की जानकारी सार्वजनिक नहीं किया गया, कालखंड के अनुसार रिक्त पद की गणना का मापदंड ब्लॉक में अलग-अलग निर्धारित किया गया। अतिशेष घोषित करने की प्रक्रिया में कुछ शिक्षकों को जबरदस्ती अतिशेष घोषित किया गया। विद्यार्थी दर्ज संख्या में हेर फेर किया गया। इसके साथ ही युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगतियां है, उन्होने दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं व्यापक विसंगति को देखते हुए, 2 अगस्त 2024 को जारी नियम के तहत हुए विद्यालय एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त किया जाने की मांग की है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सेटअप 2008 के विपरीत है। उन्होने कहा प्राथमिक विद्यालयों में 60 विद्यार्थियों पर एक प्रधान पाठक एवं दो सहायक शिक्षक तथा पूर्व माध्यमिक शाला में 105 विद्यार्थियो पर एक प्रधान पाठक व चार शिक्षक का पद यथावत रखा जाए। हायर सेकेंडरी स्कूल में वाणिज्य संकाय के पूर्ववत 2 पद रखा जाए। उच्च न्यायालय बिलासपुर की डबल बैंच के फैसले के अनुसार सोना साहू शिक्षक पंचायत, शिक्षक एलबी को पंचायत व शिक्षा विभाग का पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एरियर्स सहित क्रमोन्त्रत वेतनमान भुगतान किया गया है, इसी तरह प्रदेश के सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान के लिए जनरल आर्डर जारी किया जाए।

# सेक्टर 5 और 6 में 22 अवैध कब्जे हटाए गए, जारी रहेगी बेदखली मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को सेक्टर–5 और सेक्टर–6 में अवैध कब्जों के विरुद्ध 22 आवासों को खाली कराया। कार्रवाई के दौरान सेक्टर–5 के सड़क 3 स्थित 12 आवास, क्रमांक 103, 104, 120, 205, 206, 701, 704, 716, 718, 719, 720 और 801, से अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को बेदखल किया गया। इसके अलावा सेक्टर 6 सड़क 42, ब्लाक 4 के नौ आवासों क्रमांक जे, के, एल, एम, एन, ओ, पी, क्यू और क्वार्टर आर को भी खाली करवाया गया। इन आवासों से दरवाजे और खिड़कियां हटाकर उन्हें मेंटेनेंस कार्यालय को सुपुर्द किया गया । इसके अतिरिक्त, सेक्टर–6 में स्थित एक और आवास (1एफ/सड़क–23/सेक्टर–06)

■ आवासों के दरवाजे, खिड़कियां निकाली गई



### किराए पर मकान देने पर होगी कार्रवाई

टाउनशिप में प्रवर्तन टीम द्वारा जारी बेजा कब्जा हटाओ अभियान के तहत कब्जामुक्त कराए जा रहे मकानों को आवंटी को सौंपने के साथ मेंटेनेंस आफिस को भी सौंपा जा रहा है। ताकि दोबार कब्जाधारी कब्जा न करें। भिलाई इस्पात संयंत्र का यह स नियम है कि किसी भी बीएसपी आवास को किराए पर देना प्रतिबंधित है, और कोई भी आवंटी अपने नाम आवंटित आवास को किराए पर नहीं दे सकता। संयंत्र प्रबंधन का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो संबंधित जानकारी नगर सेवाएं विभाग तथा स्थानीय पुलिस थाने को लिखित रूप में देना अनिवार्य है।

# कलामंदिर में भरथरी गायन को नाट्य शैली में देख दर्शक हुए भाव-विभोर

**भिलाई।** कला मंदिर भिलाई में चल रहे दो दिवसीय लोकनाट्य उत्सव के



तहत शुक्रवार को दूसरे दिन मंचित नाटक भरथरी वैराग्य की गाथा की प्रभावी प्रस्तुति में त्याग और तपस्या का यही संदेश दिखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग की महापौर अलका बाघमार व विशेष अतिथि वरिष्ठ कलाकार पद्मश्री डोमार सिंह,पद्मश्री पंथी नर्तक डां, आरएस बारले,भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी थे। अतिथियों ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि छग के कलाकारों ने देश दुनिया में यहां का नाम रौशन किया है। नाट्य संस्था रंग सरोवर द्वारा राजा भरथरी की गाथा की प्रभावी प्रस्तुति को आज भी दर्शकों ने सराहा। निर्देशक भूपेंद्र साहू निर्देशित भरथरी वैराग्य की गाथा नाटक में महाराजा भरथरी की प्रेरक जीवन गाथा को कलाकारों ने पूरी तन्मयता से प्रस्तुत किया। पहली बार भरथरी गायन शैली को नाटक शैली में मंचित देख दर्शक विभोर हो गए। नाटक में उज्जैन के राजा भर्तहरि के योगी के वरदान से जन्म, रानी से विवाह फिर सोने के पलंग के टूटने का रहस्य से लेकर वैराग्य व तपस्या तक दिखाया गया। नाटक में सभी कलाकारों ने बेहतर अभिनय किया। राजा भरथरी की भूमिका मिथुन खोटे व पत्नी रानी सामदेयी का किरदार योगिता मढ़रिया ने निभाया। गोरखनाथ चंद्रहास, रानी रुपदेयी जागेश्वरी, कैना जागेश्वरी मेश्राम, चंपा चेरी निधि, रोशनी बनीं। मिरगा का किरदार दीपक, मिरगिन सिंधु ने निभाया। कथावाचक अमर सिंह थे। मधुर गायन में राजेंद्र साहू, गंगा प्रसाद योगिता व सिंधू का था। साजिंदे भारत बघेल,मोहन साहू, मोनू पाटिर खेम यादव व गिरवर साहू नाटक को संगीतमय बनाया।

# जिपं अध्यक्ष से रोजगार सहायक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शुक्रवार को दुर्ग के ग्राम पंचायत खम्हरिया में चल रहे मनरेगा कार्य का दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने औचक निरीक्षण किया एवं कार्य स्थल में जा कर मजदूरों को कार्य करने में होने वाली समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से भेंट कर उनकी पीड़ा को प्रत्यक्ष रूप से जाना। ग्रामीणों ने बताया रोजगार सहायक द्वारा लंबे समय से ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करते है एवं शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना आदि में हितग्राहियों से राशि की मांग करना जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। श्रीमती बंजारे ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर व शिकायत पर शिघ्र जांच कराकर दोषियों पर उचित कार्यवाई किराए जाने की बात कही। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष के औचक निरिक्षण के दौरान उनके साथ क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति जिला पंचायत श्रद्धा पुरेन्द्र साहू, ग्राम पंचायत खम्हरिया सरपंच दुलारी देशलहरे, पंचायत सचिव डोमेन्द्र पटेल, पंच अनिकेत देशलहरे, रोजगार सहायक जिवेश साहू एवं खम्हरिया के ग्रामवासी उपस्थित थे।

■ अभद्र व्यवहार व राशि की मांग की शिकायत




## बीएसपी के जेएलएन अस्पताल से. 9 में विश्व रक्तदाता दिवस, 34 यूनिट रक्त एकत्रित

# मानवता के लिए रक्तदान है मूल्यवान, लोगों को करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भभिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र सेक्टर नौ के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किय गया। वैश्विक थीम "रक्तदान करें, आशा दें के साथ मिलकर जीवन बचाएं के तहत दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक बीके गिरी ने किया । जेएलएनएच एंड आरसी ब्लड सेंटर में 34 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

■ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया उद्घाटन

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एम रविंद्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर, डां. विनीता द्विवेदी, डां. उदय कुमार, डां. सौरव मुखर्जी भी उपस्थित थे। श्री गिरी ने स्वयं स्वैच्छिक रक्तदान कर इस अभियान में भागीदारी निभाई और वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकिसालय स्टाफ एवं बीएसपी सामूहिक को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो देखने में छोटा लगता है लेकिन यह मानवता के लिए मूल्यवान योगदान सिद्ध होता है। रक्तदान' वास्तव में 'महादान' है, ऐसा दान जो जीवन देता है।



### अहमदाबाद प्लेन हादसे रक्तदान से मिलेगा नवजीवन

श्री गिरी ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे का उल्लेख करते हुए यह स्मरण कराया कि ऐसे आपातकालीन अवसरों पर रक्त की उपलब्धता कितनी महत्वपूर्ण हो जाती है। पैथोलाजी एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञों में सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. मनीषा कांगो, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लड सेंटर की प्रभारी डां. निली एस. कुजूर, कंसल्टेंट डां. राजू भैसारे, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. गुरमीत सिंह, वरिष्ठ कंसल्टेंट डां. प्रिया साहू, कंसल्टेंट डां. प्रतीक शिवप्पा एवं कंसल्टेंट डां. दीपक दशमोहरा पात्र शामिल थे।

### रक्तदान के लिए किया प्रेरित

चिकित्सकों ने कहा की डब्ल्यूएचओ द्वारा लोगों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। डांक्टरों ने रक्तदाता दिवस 14 जून को लोगों से रक्तदान महादान का आह्वान किया। कहा कि रक्तदान एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य सुरक्षित रक्त की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और निःस्वार्थ रूप से रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्तदाताओं का आभार प्रकट करना है। यह दिवस इस सच्चाई की याद दिलाता है कि रक्तदान एक निःस्वार्थ कर्म है जो हर वर्ष लाखों लोगों का जीवन बचाता है, चिकित्सा एवं शल्य प्रक्रियाओं को संभव बनाता है तथा स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त करता है।





स्ट्रीट फैशन

## लाइव इवेंट

### कबड्डी और एथलेटिक खिलाड़ी सेंट्रल जोन स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग



**भिलाई।** एचसीएल फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स फार चेंज के सातवें चरण की मध्य क्षेत्र जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिता नागपुर में होने जा रही है। प्रतियोगिता 14 से 17 जून के मध्य होगी। इसके लिए खेल गांव खम्हरिया और धनोरा के कबड्डी एवं एथलेटिक्स खिलाड़ी नागपुर रवाना हो चुके हैं। वे शिवनाथ एक्सप्रेस से देर रात खेल प्रतियोगिता में भाग होने के लिए निकले। एथलेटिक्स टीम में टेंकेश्वर साहू, तेजस साहू, आदित्य देशमुख, युवराज साहू, कबड्डी टीम में समीर यादव कप्तान, लोकेन्द्र प्रसाद साहू, यश कुमार साहू, चन्दन वैष्णव, हरीश ढीमर, विक्रम साहू, उमंग लहरे शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी छग राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं कोच के रूप में बीआर साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी टीम का मार्गदर्शन करेंगे। यह सभी खिलाड़ी खेलगांव खम्हरिया में प्रतिदिन नियमित अभ्यास करने कोच बालकदास डहरे पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई एवं बीआर साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी के कुशल मार्गदर्शन में करते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सरपंच दुलारी देशलहरे, रूलेश्वरी बंजारे, चंद्रशेखर बंजारे, टीकाराम साहू, चंद्रप्रकाश टंडन सहित अन्य ने बधाई दी है।

- एचसीएल फाउंडेशन द्वारा स्पोर्ट्स फॉर चेंज के सातवें चरण की मध्य क्षेत्र जोनल स्तरीय प्रतियोगिता

## सिटी इवेंट


### 1 जुलाई से रेलवे में होने वाले बदलाव का स्वागत, सख्ती से पालन की अपील



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के पूर्व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य एवं आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के अध्यक्ष के. उमाशंकर राव ने रेलवे की तत्काल बुकिंग सेवा नियम में बदवाल को लेकर आभार व्यक्त किया है। राव ने कहा कि रेलवे ने तत्काल बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन जरूर माना है। इसके अलावा पूरे देश में जहां-जहां आरक्षण काउंटर हैं। वहां पर सीसीटीवी कैमरा लगा कर निगरानी की जाती है। उक्त आरक्षण काउंटर पर टिकट दलालों की सक्रियता बरकरार रहती है। सीसीटीवी के माध्यम से जो लोग बार-बार टिकट बुकिंग में जाकर टिकट बनवाते हैं, उन पर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। स्टेशन प्रबंधन एवं सुरक्षा बल की लापरवाही के कारण अधिकांश टिकिट दलाल सक्रिय दिखाई देते हैं। ऐसे में ओटीपी आधारित सत्यापन को भी दलालों द्वारा कहीं ना कहीं नई योजना बनाकर बेहतर तकरीका अपनाकर पुराने ढर्रे पर चलता रहेगा। उन्होंने इसे लेकर रेल मंत्रालय को सुझाव पत्रक प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि सामान्य एवं स्लीपर बोगियां सभी ट्रेनों में बढ़ाया जाए। मध्यम वर्ग एवं कम आय के लोगों को रेल यात्रा करना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। राव ने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा पूर्व में घोषणा कर कहा कि हर व्यक्ति कन्फर्म टिकट देने वादा किया गया। इस व्यवस्था को शीघ्र लागू कर सामान्य वर्ग के लोगों के लिए बेहतर कार्य किया जाना अति आवश्यक है।

## सिटी इवेंट

### सुधांशु महाराज 15 को परसदा में, मानसरोवर निर्माण का लेंगे जाएजा



**भिलाई।** विश्व जागृति मिशन द्वारा देश के सभी राज्यों में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में यह कार्यक्रम ब्रह्मलोक आश्रम परसदा में होने जा रहा है। 15 जून को यह आयोजित है। विश्व जागृति मिशन के छत्तीसगढ़ प्रमुख सुनील सचदेवा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम में शामिल होने सुधांशु महाराज जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे 15 जून की सुबह 9 बजे दुर्ग जिले के कुम्हारी के समीप परसदा में स्थित विश्व जागृति मिशन के ब्रह्मलोक आश्रम पहुंचेंगे। इसके बाद गुरु दर्शन, चरण पादुका पूजन, भजन, आशीर्वचन, पूजा एवं आरती होगी। इसके बाद सुधांशु महाराज ब्रह्मलोक आश्रम में हो रहे विशाल मानसरोवर निर्माण का जायजा लेंगे। आगे की रूपरेखा को मार्गदर्शित भी करेंगे । इस अवसर पर डोंगरगढ़ मंडल द्वारा भंडारा महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया है। सुनील सचदेवा ने अधिक से अधिक संख्या में गुरु भक्तों एवं श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर मानसरोवर निर्माण में मदद की अपील की है।

● ट्विनसिटी में तकनीकी एक्सपर्ट्स की बढ़ेगी डिमांड, एजुकेशन के बाद आईटी हब बनाने की तैयारी

# भिलाई प्रदेश में बनेगा नया रीडिंग जोन, 500 सीटर सेंट्रल लाईब्रेरी भी बनेगी, दुर्ग में आईटी पार्क पहले से प्रस्तावित

ट्विनसिटी एजुकेशन के बाद आईटी हब बनने जा रहा है। एक्यूबेशन सेंटर, आईआईटी, टेक्नीकल यूनिवर्सिटी के बाद अब आईटी पार्क को लेकर तैयारी तेज हो गई है। इतना ही नहीं भिलाई में नया रीडिंग जोन तैयार होने जा रहा है। इसकी वित्तीय स्वीकृति भी मिल चुकी है। सेक्टर-5 में जगह की तलाश भी पूरी कर ली गई है। करीब 11.42 करोड़ रुपए की लागत से रीडिंग हब बनाया जाना है, जहां सेंट्रल लाइब्रेरी की तर्ज पर एक नई डिजिटल लाइब्रेरी भी खुलेगी। जहां एक साथ 500 से ज्यादा युवा बैठकर रीडिंग कर सकेंगे। प्रदेश में यह अपने तरह का पहला सेंटर होगा। जहां युवाओं को इंतमिनान से बैठकर पढ़ने की अनुमति होगी।

**भिलाई।** भिलाई निगम ने 500 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन का निर्माण स्वीकृत किया है। शासन से 1142.28 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन ने जारी कर दी है। रीडिंग जोन के माध्यम से 500-1000 युवा प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पढ़ाई कर सकेंगे। शेष राशि हेमचंद यूनिवर्सिटी के सीएसआर मद से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे लाइब्रेरी की क्षमता 1000 सीटर हो जाएगी। अत्याधुनिक लाइब्रेरी में बायोमेट्रिक सिस्टम के जरिए ही अधिकृत सदस्यों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रतिभागीयों को निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा भी दी जाएगी। युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कक्ष तैयार किया जाएगा। सेंट्रल लाइब्रेरी के निर्माण से छात्रों को एक आरामदायक और शांत वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी। लाइब्रेरी में पर्याप्त जगह रहेगा, जहां छात्र बैठकर एकाग्र होकर पढ़ सकेगें। लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, पत्रिकाएं और ई-संसाधन उपलब्ध रहेगा। जहां छात्रों को अपने विषय के अलावा अन्य विषयों की भी जानकारी मिलेगी और उनके बौध्दिक क्षमता का विकास होगा। लाइब्रेरी प्रारंभ होने से भिलाई शहर के युवाएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेकर अपनी अलग ही पहचान बनाएगें और भिलाई का नाम रोशन करेंगे।



### आईटी पार्क के लिए नंदिनी में एयरपोर्ट डेवलप करने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक आईटी पार्क के लिए एयरपोर्ट आवश्यक है। इसे देखते हुए बीएसपी के नंदिनी स्थित एयरपोर्ट को शुरू करने की कवायद तेज हो गई है। आईटी पार्क के लिए 20 किलोमीटर के दायरे में एक एयरपोर्ट होना चाहिए और नंदिनी एयरपोर्ट को इसके लिए विकसित करने का प्रस्ताव है। नंदिनी एयरपोर्ट को विकसित करके आईटी पार्क के लिए एयरपोर्ट बनाया जा सकता है। विगत दिनों सांसद विजय बघेल ने भी केन्द्रिय मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात कर इसे फिर से शुरू करने की मांग की थी, जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया था। यह एयरपोर्ट भिलाई स्टील प्लांट के उपयोग के लिए बनाया गया था, जो वर्ष 1998 से बंद है। आईटी पार्क को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव और आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश के बीच कई दौर की बैठकें हो चुकी है। लेकिन जमीन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। हालांकि पार्क के लिए वर्तमान में चालीस एकड जमीन को पर्याप्त माना जा रहा है। इसकी उपलब्ध कॉलेज के पीछे होना बताया जा रहा है। उसी जमीन को हाउसिंग बोर्ड के नाम किए जाने की चर्चा से मशक्कत बढ़ गई है।

### आईटी पार्क के लिए इजराइल, अमेरिका जैसे देशों की कंपनियों से एमओयू की तैयारी, लगातार बैठकें जारी

पिछले लंबे समय के कयास के बाद जिले को आईटी पार्क की सौगात मिलने जा रही है। पार्क के लिए शुरुआती दौर की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ऐसी संभावना है कि राज्य शासन द्वारा दो दर्जन बड़ी कंपनियों के साथ एमओयू किया जाएगा। इसमें इजराइल सहित कई बडी कंपनियां शामिल हैं।बहरहाल इंफोसिस टीम द्वारा यहां जल्द ही निरीक्षण कर तकनीकी पहलुओं को मजबूत करेगी। शुरूआत में नगर निगम के नलघर और कामकाजी हॉस्टल से इसका संचालन करने की तैयारी है। प्रदेश के दुर्ग में आईटी पार्क के नींव रखने की पहल दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने की थी। वे लगातार आईआईटी भिलाई के संपर्क में भी है। उल्लेखनीय हैं कि, प्रदेश का पहला आईटी (इंफरमेंशन टेक्नालाजी) पार्क का तमगा दुर्ग जिले को मिलेगा। इसके लिए पिछले वर्ष दिसंबर माह में ही आईआईटी की अगुवाई में जिला प्रशासन द्वारा पालीटेक्निक कालेज के पीछे निरिक्षण भी किया था। हाल ही में आईटी पार्क के संचालन के लिए नया बस स्टैंड स्थित नलघर कांम्प्लेक्स में कार्यालय बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसे एमआईसी ने सहमति भी दे दी है। यह पार्क पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास 80 एकड़ की जमीन पर बनना है। आईआईटी भिलाई ने मल्टीनेशनल कंपनी इंफोसिस से भी इस बारे में बात की है और कई अन्य कंपनियां भी इस आईटी पार्क में आ सकती हैं।

अब तक 23 कंपनियों के इन्वेस्ट करने की जानकारी मिली है। आईआईटी भिलाई के सहयोग से आईटी पार्क के प्रोजेक्ट को आगे बढाया जा रहा है। आईटी पार्क के लिए 80 एकड़ जमीन के साथ ही कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में भवन भी बना हुआ है। इसके साथ ही बिजली और पानी की भी पर्याप्त उपलब्धता है, वही पालिटेक्निक कॉलेज के पास 10 करोड़ की लागत से बने कामकाजी महिला हास्टल का भी उपयोग किया जाएगा।



# पौधे लगाना ही जरूरी नहीं, बल्कि उनकी देखरेख भी जरूरी, सहेजने लिया संकल्प




**भिलाई।** बीएम महाविद्यालय कोलिहापुरी में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय डायरेक्टर कहा कि हर साल 5 जून के दिन विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कराना है। महाविद्यालय डायरेक्टर भानुमति साव, प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। इसमें आंवला, बादाम, बेल इत्यादि वृक्षों का रोपण किया गया। प्राचार्य ने बताया कि आज बहुत ही रफ्तार से पौधों की कटाई हो रही है। इसके कारण पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है। वातावरण में ऑक्सीजन की कमी हो रही है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। वृक्ष की कटाई के कारण जल स्तर नीचे जा रहा है, और शुद्ध ऑक्सीजन का अभाव होते जा रहा है। पौधे रोपना ही काफी नहीं है, उसकी देखरेख और उसे सहेजना भी जरूरी है। इस अवसर पर सभी ने पौधों को सहेजने का संकल्प भी लिया।

# अंडर-10 फुटबॉल चैम्पियनशिप में भिलाई यूनाइटेड ने 2-0 से जीता खिताब

**भिलाई।** दुर्ग जिला फुटबॉल संघ द्वारा एएफसी ग्रास रूट फुटबॉल फेस्टिवल का आयोजन रिसाली फुटबॉल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला भिलाई युनाइटेड एफसी और भिलाई फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया। भिलाई यूनाइटेड की टीम ने यह मैच 2-0 से जीता और खिताब अपने नाम किया। टीम के कोच कुलवंत सिंह एवं दलबाग सिंह ने टीम की जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत की वजह से यह जीत हासिल हुई। उन्होंने कहा कि ये बच्चे भविष्य में कई बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले हैं।



साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड में पूरी गई निर्वाचन की प्रक्रिया, सर्वसम्मति से निर्णय

# सिंधी समाज की आमसभा बैठक में लक्ष्मी नागदेव तीसरी बार चुनी गईं महिला अध्यक्ष, सामाजिक एकजुटता का लिया संकल्प

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज की आमसभा बैठक साईं झूलेलालधाम 32 एकड़ में आयोजित की गई। आदर्श सिंध ब्रादर मंडल ने बैठक में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान सर्वसम्मति से महिला अध्यक्ष का निर्वाचन किया। लक्ष्मी नागदेव को तीसरी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने अपने निर्वाचन के बाद सामाजिक एकजुटता का संकल्प लिया। साथ ही समाज को आगे बढ़ाने और लड़कियों की शिक्षित करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए भी सामाजिक स्तर पर प्रयास किया जाएगा। महिलाओं की इस आम बैठक में 41 सदस्यों की सर्वसम्मति से एक मत होकर उनके पूर्व कार्यकाल की सेवाओं के मद्देनजर अध्यक्ष बनाए जाने सहमति दी। संगठित एवं एकजुट होने के उद्देश्य से पहली बार 5 जोन बनाकर 5 जोन अध्यक्ष भी नियुक्त किया। बैठक में जानकारी दी गई कि संस्था के गठन को 60 वर्ष पूरे हो चुके हैं। आदर्श सिंध ब्रादर मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई के पूर्वजों की चली आ रही परंपरा के अनुरूप महिला अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। उनका कार्यकाल 3 वर्षों के लिए रहेगा।



### झूलेलात की उतारी आरती, अरदास एवं पल्लव गाकर वैश्विक शांति के लिए की प्रार्थना

आम बैठक में अध्यक्ष पद पर चुनाव करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साईं झूलेलाल जी की आरती, अरदास एवं पल्लव गाकर वैश्विक शांति, आरोग्य एवं कल्याण की प्रार्थना कर की गई। पिछले तीन वर्षों के महिला मंडल के कार्यों की समीक्षा भी की गई। लगातार 6 वर्षों से महिला अध्यक्ष पद का निर्वहन कर रही लक्ष्मी नागदेव एवं उनकी कमेटी की उपलब्धियों और समाज हित में किये जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इसमें समाज के सभी सदस्यों ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस बैठक में समाज के सदस्यों ने जागरूकता और एकजुटता का परिचय देकर समाज की महिला अध्यक्ष पद के चुनाव इतिहास में पहली बार 80 मेंबर में से 41 मेंबरों ने शामिल होकर लगभग 51% की उपस्थिति में पूर्व अध्यक्ष के निर्वाचन को सहमति दी गई।

### निर्वाचन से पहले 6 वर्षों में किए गए कामों की उपलब्धियां गिनाई

लक्ष्मी नागदेव ने बैठक में अपने 6 साल में किए गए कामों की उपलब्धि गिनाई। उन्होंने कहा कि झूलेलाल धाम की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने रहीं। आम सहमति से ही एकमत होकर सारे काम किए। उन्होंने सामाजिक गतिविधियों और भवन निर्माण को लेकर किए गए प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी, भारतीय सिंधु सभा भिलाई के अध्यक्ष सुरेश नागदेव, समाज के उपाध्यक्ष सुभाष भगत, सलाहकार राजकुमार पिनयानी, महासचिव अनिल थारवानी उपस्थित थे। उन्होंने नियुक्ति के बाद महिलाओं का मार्गदर्शन किया। सामाजिक एकजुटता से होने वाले फायदों की जानकारी दी।

### समाज को 5 जोन में बांटा गया जोन अध्यक्ष बनाए गए

समाज की मातृ शक्तियों को संगठित एवं एकजुट करने के उद्देश्य से समाज को 5 जोन में विभक्त कर 5 जोन महिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। सामाजिक कार्यों की सरलता हेतु जोन क्रमांक 1 ढांचा भवन सुंदर विहार से आशा आहूजा, जोन क्रमांक 2 कमेटी हाल जोन से निकिता लालवानी, जोन क्रमांक 3 क्रिकेट ग्राउंड जोन से अलका थारवानी, जोन क्रमांक 4 कैलाश नगर से कंचन वीरवानी, जोन क्रमांक 5 बत्तीस एकड़ आम्रपाली जोन से सुमन थारवानी को जोन अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ महिला सदस्य लता मेहरचंदानी, ईश्वरी बढ़ानी, अंजली कृष्णानी, राधा कृष्णानी, वंदना कृष्णानी, माया पंजवानी, निर्मला कृष्णानी, माया थारानी, लक्ष्मी नागदेव सहित अन्य मौजूद थे।

**सिटी लाइव**

## हरिसंघ मंदिर में बनेगा शेड विधायक ने दिलाया भरोसा



**भिलाई।** विवेकानंद नगर संतोषी पारा कैम्प 2 वार्ड 33 में बंगाली समाज द्वारा संचालित हरि संघ मंदिर के विकास के विषय को लेकर संस्था के प्रतिनिधि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से मिले। छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील एवं सदस्यों ने चर्चा की। चर्चा में 50 साल पुरानी हरि मंदिर की स्थिति, व्यवस्था और मंदिर से जुड़े विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील ने विधायक रिकेश सेन को मंदिर की स्थिति एवं पूजा कार्यक्रमों से अवगत कराया। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को बरसात, गर्मी से राहत दिलाने के लिए पक्की ढलाई का कार्य के साथ शेड बनवाने की मांग की। रिकेश सेन ने विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों ने विधायक को सम्मानित किया। इस मौके पर सुमन शील, सुशील पात्रों, भूपति मंडल, सुब्रत राय, नरेश शील, दीपाल सरकार, गणेश शील, राजेश सरकार, उत्तम विश्वास, सपन राय, देवव्रत विश्वास, गौतम विश्वास, सुजय पाल, अमित साबूई, चिरन्जीत कोले, भोला, अमरदास, कार्तिक सहित अन्य मौजूद थे।

**सिटी इवेंट**

## पी.मोहन बने छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के अध्यक्ष



■ छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ दुर्ग की हुई बैठक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ दुर्ग की आवश्यक बैठक आकाशगंगा में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के अध्यक्ष बीडी निजामी ने की। इस दौरान छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण कल्याण संघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष के पद पर वरिष्ठ पत्रकार पी. मोहन को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। वहीं अहिवारा के ज्ञानदत्त शुक्ला को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिए गए की पत्रकारों के हित के लिए संगठन हमेशा संघर्षरत रहेगा। निजामी ने कहा कि पत्रकारों की छोटी.छोटी समस्याएं को स्थानीय स्तर पर हल किया जाएगा। संघ में नवनियुक्त अध्यक्ष पी. मोहन को पत्रकारों के लिए वाहनों के लिये हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर लगाकर पत्रकारों को रियायत दर पर सुविधा देने की बात कही। अध्यक्ष पी मोहन ने कहा कि शीघ्र ही आर टीओ दुर्ग से चर्चा कर रियायत दर पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर लगाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा, गजेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**समाज इवेंट**

## 15 को 11 दिव्यांग जोड़ों का विवाह, सांसद होंगे शामिल

■ गायत्री शक्तिपीठ गायत्री मंदिर सेक्टर 6 में निर्धन दिव्यांग कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा

**भिलाई।** आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान छत्तीसगढ़ के दिव्यांग विभाग द्वारा इस वर्ष 15 जून रविवार को गायत्री शक्तिपीठ गायत्री मंदिर सेक्टर 6 में निर्धन दिव्यांग कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। संस्था पिछले 20 वर्ष से इस प्रकार का सामूहिक विवाह कराते आ रही है। इस वर्ष करीब 11 कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। यह विवाह सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के संरक्षक और सांसद विजय बघेल मौजूद रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में रजनी विजय बघेल शामिल होंगी। यह विवाह संस्कार भारतीय पद्धति के तहत गायत्री मंत्रों के साथ होगी। विवाह में दूल्हा-दुल्हन के कपड़े एवं गिफ्ट, जीवन उपयोगी सामान संस्था की ओर से दानदाताओं के माध्यम से दिया जाएगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा के जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। संस्था की प्रतिनिधि सरिता शर्मा एवं दीपक चादपुरिया ने दी।

## योग, ध्यान और जुम्बा का साप्ताहिक शिविर आज से

**भिलाई।** श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर और छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की संयुक्त तत्वावधान में योग, ध्यान और जुम्बा का साप्ताहिक शिविर आयोजित है। शिविर 14 से 21 जून तक रहेगा। समय शाम सुबह 6 बजे से रा 8 बजे तक आयोजित है। इसमें सिंधी समाज से आसपास के रहवासी, व्यपार गण अधिक से अधिक सांख्य में आकार इस सप्ताहिक शिविर का लाभ ले सकते हैं। साप्ताहिक शिविर में राम सिंधी पंचायत से अध्यक्ष दिलीप पावनी, डॉ. हेमंत अंबवानी, धर्म दास बत्रा, मनोहर लाल थदानी, रामचंद्र चुगानी, जयराम दास गेहानी, नरेश कुकरेजा, गोपी पारप्यानी, गोपी राजपलानी, खिल्लू मल होतवानी, अजय भसीन, गार्गी शंकर मिश्र, सुनील मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

● **वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने मनाया विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस**

# जिस घर में बुजुर्ग हंसते-मुस्कुराते हैं, वह घर स्वर्ग, खुशहाली के लिए उन्हें दें सम्मान

**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया। सियान सदन कृष्णा नगर भिलाई में जन जागरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। महासंघ के सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन, क्रेडा के पूर्व सदस्य विजय साहू, मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल, शंकरलाल देवांगन, डॉ. बी. लक्ष्मीनारायण, बलबीर सिंह सहगल मंच पर विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि उम्र के अंतिम पड़ाव में बुजुर्गों को अनेक शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है। उनके साथ दुर्व्यवहार न करें। इस अवस्था में उन्हें परिवार और समाज का सहारा, अपनापन एवं मान सम्मान की जरूरत होती है। इसलिए बुजुर्गों की खुशहाली के लिए उन्हें अपनापन एवं सम्मान दें। सलाहकार घनश्याम देवांगन ने कहा कि बड़े-बुजुर्ग ज्ञान एवं अनुभवों का भंडार होते हैं। भावी पीढ़ी अपनी बेहतरी के लिए बुजुर्गों के अनुभवों का लाभ उठा सकती है। बुजुर्गों को दुख एवं अवसाद से बचाने के लिए उनकी उपेक्षा एवं अपमान न करें। उन्हें प्यार एवं सम्मान दें। उन्होंने कहा कि जिस घर में बुजुर्ग हंसते मुस्कुराते हैं, वह घर स्वर्ग की तरह होता है।




### हमारी संस्कृति व धार्मिक ग्रंथों ने सिखाया बुजुर्गों का सम्मान

साहित्यकार गोविंद पाल ने कहा कि हमारी संस्कृति एवं धार्मिक ग्रंथों में बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाया जाता है। आधुनिकता के चलते युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से भटक गई है। विजय साहू ने बुजुर्गों को परिवार एवं समाज की धुरी व मार्गदर्शक बताया। समारोह को शंकरलाल देवांगन एवं डॉ. लक्ष्मीनारायण ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने कहा कि महासंघ के माध्यम से बुजुर्गों की समस्याओं के निराकरण के लिए सामाजिक एवं शासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के आरंभ में सियान सदन के अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। महासचिव गजानंद साहू ने महासंघ के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए जा रहे रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी।



### प्रतिवर्ष बुजुर्गों के सम्मान में आयोजित किया जा रहा कार्यक्रम



नागरिक संघ द्वारा प्रतिवर्ष बुजुर्गों के सम्मान में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें सबसे अधिक उम्र वाले बुजुर्गों और समाज में अहम योगदान देने वाले बुजुर्गों को सम्मानित भी किया जाता है। आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति हुई। बुजुर्गों ने कवि और अपने लेखन के जरिए लोगों की तरफ अपना ध्यानाकर्षित करवाया। संस्था से जुड़े घनश्याम देवांगन ने बताया कि घर में बुजुर्गों की उपलब्धता ही जीवन में बल देती है। वर्तमान पीढ़ी को इस बात को समझना होगा। शिक्षा, रोजगार जितना जरूरी है, उतना ही अपने बड़ों का साथ भी जरूरी है। इस बात को हम सभी को समझना होगा।

### हवाई जहाज हादसे में मारे गए लोगों को अर्पित की श्रद्धांजलि

इस अवसर पर महासंघ के उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, डॉ. कांतिलाल विश्वकर्मा, बाबूलाल साहू, एन. पी. मिश्रा, गीता साहू, छाया विश्वकर्मा, चैतराम साहू, ए. जी नायडू आदि सहित सियान सदनों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में अहमदाबाद में हुई दर्दनाक हवाई दुर्घटना में दिवंगत एवं विगत दिनों दिवंगत हुए महासंघ के वरिष्ठ नागरिकों को दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संचालन गजानंद साहू एवं आभार प्रदर्शन बलबीर सिंह सहगल ने किया। समापन सामूहिक राष्ट्रगान से हुआ।

**भेंट मुलाकात**

## कथावाचक युवराज पांडेय ने रथयात्रा में पूर्व सीएम भूपेश को किया आमंत्रित



**भिलाई।** कथावाचक पं. युवराज पांडेय ने भिलाई निवास में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने आगामी रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने के लिए भूपेश बघेल को आमंत्रित किया। पांडेय छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धार्मिक प्रवचनों और श्रीमद्भागवत कथाओं के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने बताया कि रथयात्रा का आयोजन श्रद्धालुओं की आस्था और लोक संस्कृति को मजबूत करने का माध्यम है। इस आयोजन में भव्य शोभायात्रा, भजन-संध्या एवं धार्मिक सत्संग की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। मुलाकात के दौरान धार्मिक आयोजनों और समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रचार-प्रसार को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

**पौधारोपण**

## पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपे पौधे, सहेजने लिया संकल्प



**भिलाई।** शहरी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण और वाहनों से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड से मानव जगत को बचाने के लिए भिलाई-चरोदा निगम द्वारा सघन वृक्षारोपण किया गया। स्थानीय देखरेख के लिए जन सहयोग और जन भागीदारी की आवश्यकता को देखते हुए लोगों को जोड़ने अभियान चलाया गया। जनजाति शोधार्थी व लोक संस्कृतिकर्मी राम कुमार वर्मा ने अपने समुदाय विस्तार सेवाओं के तहत अपने निवास दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई 03 में जीई रोड के दक्षिण किनारे पर रोपित पौधों को सुरक्षित करने की दिशा में काम शुरू किया गया। ताकि नगर निगम के पर्यावरणीय संरक्षण अभियान को और अधिक बेहतर तरीके से किया जा सके। इसके लिए आयुक्त डीएस राजपूत, अनिल सिंह, जीवधन ठाकुर और राम कुमार साहू ने सहयोग किया।

**दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने, कार चालकों से सीट बेल्ट लगाने अपील**

**कार्नर न्यूज**

# ऑपरेशन सुरक्षा...वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की दी जा रही जानकारी, रूल तोड़ने वालों पर कार्रवाई, लाइसेंस बनाने शिविर आज

**भिलाई।** यातायात पुलिस लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए तीन मोर्चों पर एक साथ काम कर रही है। एक लोगों को ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया जा रहा है, दूसरा लगातार जानकारी देने के बाद भी नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं तीसरा वाहनों चालकों को लाइसेंस और फिटनेस टेस्ट के लिए परिवहन विभाग का सहयोग किया जा रहा है। लाइसेंस को लेकर 14 जून को अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में कैम्प भी लगाया जा रहा है। ताकि लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति अधिक से अधिक जानकारी दी जा सके। इधर यातायात पुलिस ने बस चालकों की जांच की। मुख्य रूप से बस ड्राइवरों की ब्रिथलाइजर मशीन से जांच की गई। नशे की हालत में बस चलाने वाले 10 चालकों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने न्यायालय भेजा गया। बता दें कि इससे पहले बस चालकों की बैठक लेकर उन्हें हिदायत भी दी जा चुकी है। इसके बाद ही ऑपरेशन सुरक्षा शुरू किया गया है।



### बताया जा रहा रूल्स की अनदेखी हादसे की बड़ी वजह

ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमित रूप से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लोगों को जानकारी दी जा रही है कि ट्रैफिक रूल्स की अनदेखी से ही हादसे होते हैं। इसे लेकर चार प्रमुख बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है। इसमें सड़कों एवं चौक चौराहो की अभियात्रिकी त्रुटि को दूर करना, सड़कों से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाना शामिल है। दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण एवं लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। साथ ही नियमित जांच कर जुर्माना भी वसूला जा रहा है।



### बस चालकों और परिचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पिछले दिनों प्रमुख बस संचालकों की मीटिंग लेकर आवश्यक निर्देश दिए थे, जिसमें सड़क पर वाहन खड़ा ना करने, सर्विस रोड पर वाहन ना चलाने, ड्राइवर एवं कंडक्टर द्वारा किसी प्रकार की नशीली पदार्थ का सेवन ना करने, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने एवं अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए थे। साथ ही यातायात दुर्ग जोन प्रभारी द्वारा सड़क में वहां खड़ी करने वालों को नोटिस जारी किया गया था। अन्यथा ऐसे वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाएगी। दिए गए समझाइए एवं नोटिस के बावजूद कुछ बस चालक बीच सड़क में ही सवारी उतारते- चढ़ाते पाये जाने पर, बिना वर्दी, नो पार्किंग में बस पार्क करने पर 10 बस संचालको पर कार्रवाई की गई। एक बस चालक नशे में प्रतीत होने पर ब्रिथनेलाइजर सें चेक करने पर शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने पर वाहन जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

### अग्रसेन भवन में आज बनेंगे लाइसेंस, नंबर प्लेट भी बदले जाएंगे

जिला परिवहन कार्यालय दुर्ग द्वारा 14 जून को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान लर्निंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। साथ एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने का काम किया जाएगा। आरटीओ अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उम्र प्रमाण पत्र हेतु सर्टिफिकेट की कॉपी, आधार कार्ड की कॉपी व पैन कार्ड की कॉपी लेकर व एचएसआरपी हेतु आरसी की व आधार कार्ड की कॉपी लेकर मेल आईडी व मोबाइल नंबर के साथ सारे डाक्यूमेंट्स की ओरिजनल व क्लीयर फोटोग्राफ्स फोटोस्टेट कॉपी लेकर दोनों शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होंगे। इस शिविर का लाभ उठाएं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### साउथ जोन और नार्थ जोन की जीत ऐश्वर्या ने बनाए शानदार 102 रन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेन/अंडर 23 वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार को दो मैच खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध साउथ जोन ने 61 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 8 विकेट पर 234 रन बनाए। ऐश्वर्या सिंह ने 102 रन, सृष्टि शर्मा ने 30 रन और शिवानी यादव ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की रवीना साहू एवं ख्वाब नागवानी ने दो -दो विकेट लिए। दीप्ति ढीमर, प्रभदीप कौर भामरा एवं रूमा दास ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 9 विकेट पर 173 रन, रूमा दास ने 57 रन, शिवानी कृष्णा ने 38 रन और चित्रा पटेल ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की प्रांशु प्रिया ने तीन विकेट, पल्लवी वर्मा एवं आरती यादव ने दो-दो विकेट लिए। वहीं अनम खान ने एक विकेट लिए।

दूसरा मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में हुआ। जिसमें सेंट्रल जोन के विरुद्ध नॉर्थ जोन ने सात विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी सेंट्रल जोन 156 रन पर आउट हुई। मनप्रीत कौर गिल ने 35 रन, मानसी सिंह ठाकुर ने 26 रन, बरखा चंद्रवंशी ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की दीपमाला मिंज ने 4 विकेट, चांदनी गायकवाड ने दो विकेट, प्रतिज्ञा सिंह पहल और टंडन किरण वर्मा ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 3 विकेट पर 159 रन बनाए। जिसमें शिवी ने पांडे नॉट आउट 43 रन, ईशा भारती देवांगन ने 39 रन, कल्पना पांडे ने 38 रन, आंशी अग्रवाल ने नॉट आउट 14 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की ममता भगत, वीरता चौहान एवं मोनिका ढीमर ने एक-एक विकेट लिए।

### खेलो में होने वाली सामान्य इंज्युरी और उसके उपचार पर दी सलाह



**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर के खेल विभाग और स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खेलो में होने वाली सामान्य इंज्युरी और उसका उपचार पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डॉ मार्टिना जॉन ने बताया कि खेलो के दौरान खिलाड़ियों को चोट आना स्वाभाविक है, जिसे खिलाड़ी नजरअंदाज कर देते हैं। हमे चोट को सहज नहीं लेना चाहिए यही चोट आगे नासूर बन जाती है। इन चोटों से बचने के लिए फिजियो से सलाह लेकर शारीरिक एक्सरसाइज करना चाहिए जिससे वह चोट जड़ से खत्म हो सके। इस अवसर पर विशेष रूप से फेडेरेशन के अध्यक्ष अरविंद चितौड़िया उपस्थित थे। डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के डीन डॉ शंकर यादव ने कहा कि खिलाड़ियों को अपने फिजियो से सलाह लेकर शारीरिक एक्सरसाइज करना चाहिए जिससे हमारा खेल कौशल मजबूत हो। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन के महासचिव जाविद अली ने कहा कि स्टैण्ड बॉल में स्किल, रनिंग, मूवमेंट और स्पीड है जिससे खेल के दौरान किसी भी खिलाड़ी को चोट न लगे इसके लिए पूर्व में ही इसकी संभावना को दूर करने का प्रयास किया जाता है। डॉ शाज़िया अली स्टैण्ड बॉल की कोषाध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया और कहा कि समय समय पर हम खिलाड़ियों के हित में ऐसे आयोजन करते है जिससे उनको लाभ हो. इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों और स्टैण्ड बॉल के खिलाड़ी उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा में पहलवानों ने 4 गोल्ड सहित जीते 7 पदक




**रायपुर।** अंडर 15 वर्ष बालक बालिका राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 8 जून को बाबू पंडरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय कुश्ती कोच सागर धीवर ने बताया कि प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के कुल सात पहलवानों ने भाग लेते हुए पदक प्राप्त जीते। महिला वर्ग के 42 किलोग्राम भार वर्ग में छत्तीसगढ़ की प्रथम सिल्वर मेडलिस्ट बालिका पहलवान सुभद्रा यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बालक वर्ग के फ्रीस्टाइल कुश्ती के 41 किलोग्राम भार वर्ग में कृष्णकांत यादव ने धमतरी और रायपुर के पहलवान को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

## जरूरत से ज्यादा थकान और नींद लगना ठीक नहीं

# बहुत ज्यादा नींद आती है और काम में नहीं लगता मन तो यह संकेत हो सकता है किसी गंभीर समस्या का

अक्सर लोगों को पूरी नींद लेने के बाद भी दिन में थकान और सुस्ती महसूस होती है। अगर ऐसा रोज हो रहा है, तो ये किसी गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है। क्या कभी ऐसा होता है कि रात में पूरी नींद लेने के बावजूद, आपको दिनभर अजीब सी सुस्ती महसूस होती है या हर समय नींद आती है? यह सिर्फ सामान्य थकान नहीं, बल्कि एक गंभीर स्थिति हो सकती है जिसे हाइपरसोम्निया कहते हैं। इसमें व्यक्ति को सामान्य से कहीं ज्यादा नींद की आवश्यकता होती है, जो उनकी दिनचर्या और काम पर बुरा असर डालती है।

जिन लोगों को पूरी नींद लेने के बाद भी दिनभर थकान और सुस्ती महसूस होती है, उन्हें अक्सर लगता है कि वे आलसी हैं या उनकी नींद पूरी नहीं हुई। जबकि, हर बार ऐसा होना जरूरी नहीं। यह किसी बीमारी का भी लक्षण हो सकता है। हाइपरसोम्निया कई बार किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती है। ये स्थितियां शरीर के ऊर्जा स्तर को प्रभावित करती हैं और नींद की गुणवत्ता को बाधित करती हैं, जिससे दिनभर सुस्ती बनी रहती है। इसलिए, अगर आप लगातार इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो इसे हल्के में न लें। आइए इस लेख में जानते हैं कि किन बीमारियों का आशंका अधिक होती है।



### डायबिटीज


अनियंत्रित रक्त शर्करा हाइपरसोम्निया का कारण बन सकता है। डायबिटीज में शरीर ग्लूकोज को ऊर्जा में बदलने में असमर्थ होता है, जिससे थकान और नींद की समस्या होती है। बार-बार प्यास, पेशाब और वजन कम होना इसके अन्य लक्षण हैं।

### थायराइड डिसऑर्डर

हाइपोथायरायडिज्म एक बीमारी है, जिसमें थायराइड ग्रंथि कम सक्रिय होती है, मेटाबॉलिज्म को धीमा करता है। इससे सुस्ती, थकान और अत्यधिक नींद की समस्या बढ़ जाती है। वजन बढ़ना, ठंड लगना और बाल झड़ना इसके लक्षण हो सकते हैं।

### एनीमिया

एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाओं या हीमोग्लोबिन की कमी से शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम होती है, जिससे थकान और नींद की समस्या बढ़ जाती है। यह आयरन, विटामिन B12 या फोलिक एसिड की कमी से हो सकता है।



### स्लीप एपनिया

स्लीप एपनिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें नींद के दौरान सांस बार-बार रुकती है, जिससे गहरी और सुकून भरी नींद नहीं मिलती। इस कारण दिन में अत्यधिक नींद, थकान, खर्राटे, सिरदर्द और एकाग्रता में कमी जैसे लक्षण दिख सकते हैं। अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिख रहे हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें।





## राज्य खेल पुरस्कार अलंकरण समारोह की तैयारियां सुनिश्चित करने निर्देश

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को जिला खेल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रदेश भर में खेल गतिविधियों के संचालन, अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति से संबंधित पी।पी।टी। का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में खेल मंत्री ने भारत सरकार की खेलो इण्डिया योजनांतर्गत प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, बलौदाबाजार एवं राजनांदगांव के लिए प्राप्त नवीन स्वीकृतियां, विमुक्त राशि का जायजा लिया। प्रदेश के सभी जिलों में स्वीकृत खेलो इण्डिया लघु केन्द्रों की समीक्षा की गई। भारत सरकार से प्राप्त प्रथम एवं द्वितीय किश्त के राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश दिए। राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में संचालित खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (हॉकी, तीरंदाजी एवं एथलेटिक) तथा राज्य शासन द्वारा संचालित आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी में वर्तमान में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों, प्राप्त राशि के विरूद्ध व्यय की समीक्षा की गई। हाल ही में सम्पन्न हुए चयन ट्रायल के माध्यम से रायपुर तथा बिलासपुर में आवासीय एवं गैर आवासीय खेल अकादमियों के लिए चयनित खिलाड़ियों की संख्या की जानकारी ली गई।

■ खेल मंत्री वर्मा ने ली समीक्षा बैठक

छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत घटकवार प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में लोक निर्माण विभाग के मद में शामिल निर्माण कार्यों एवं विभागीय मद में मरम्मत संबंधी प्रावधान एवं पूर्व स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और अपेक्षित जानकारियां एक सप्ताह के भीतर जिला खेल अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए गए।



पूर्ववर्ती राजीव युवा मितान क्लब योजनांतर्गत जिला महासमुंद, बेमेतरा, बीजापुर, बिलासपुर एवं मनेन्द्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी से अपेक्षित शेष राशि 15 दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश संबंधित जिला खेल अधिकारियों को दिए गए। राज्य खेल अलंकरण समारोह, 2025 (पुरस्कार वर्ष 2023-24 एवं 2024-25) के लिए दिए जाने वाले शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार, शहीद विनोद चैबे पुरस्कार, मुख्यमंत्री ट्राफी पुरस्कार एवं नगद राशि पुरस्कारों हेतु खिलाड़ियों, प्राक्षिकों/निर्णायकों से दिनांक 26 जून, 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। जिला स्तर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार करने एवं अंतिम तिथि तक जिलों में प्राप्त आवेदनों को परीक्षण कर तत्काल संचालनालय को भेजने के निर्देश सभी जिला खेल अधिकारियों को दिए गए।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, डी।एम।एफ।, सी।एस।आर। एवं अन्य मदों से जिलों में स्वीकृत एवं वर्तमान में चल रहे खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए प्रगति संबंधी जानकारी संचालनालय को प्रेषित करने के निर्देश सभी जिला खेल अधिकारियों को दिए गए तथा जिला कलेक्टर के टी।एल। बैठक में प्रति सप्ताह प्रगति की समीक्षा कराने के निर्देश दिए गए। जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय की प्रक्रिया को समझने एवं क्रियान्वयन के उद्देश्य से संचालनालय स्तर से जिलों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से ट्रेनिंग सेशन आयोजित करने के निर्देश दिए गए। खेल प्रशिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही भी जल्द पूर्ण की जाएगी। बैठक में हिमशिखर गुप्ता, सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सुखनाथ अहिरवार, संयुक्त सचिव, प्रकाश चंद्र कोरी, प्रभारी संचालक खेल एवं युवा कल्याण सहित संचालनालय के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## एशियाई अंडर-16 रैंकिंग टेनिस में सक्षम और सन्मिथा रहे विजेता




**रायपुर।** एशियाई अंडर-16 रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट 2025 का आयोजन इंटरनेशनल टेनिस एकेडमी, जोरा, रायपुर, छत्तीसगढ़ में किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ का यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग और ऑल इंडिया टेनिस एसोसियेशन व एशियाई टेनिस महासंघ की देखरेख में किया गया।

■ रायपुर में हुआ टेनिस का शानदार मुकाबला

समापन समारोह पर पुरस्कार वितरण छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी और मानद सचिव गुरुचरण सिंह होरा ने किया, इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष जी।एस। बाम्बरा, उपाध्यक्ष सुशील बलानी, उपाध्यक्ष राजेश पाटिल, कार्यकारिणी सदस्य हेनरी सैंटियागो सहित एटीएफ पर्यवेक्षक प्रबिन कुमार नायक भी मौजूद रहे।

**फाइनल मुकाबलों के नतीजे**

बालक एकल (ब्वॉज सिंगल्स) चैंपियनः सक्षम भाषालि ने अथाय राजप्रकाश को 6-0, 6-1 से हराकर जीता। बालिका एकल (गर्ल्स सिंगल्स) चैंपियनः सन्मिथा हरिनी लोकेश ने व्रंडिका भगवंत राजपूत को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर जीता। बालक युगल (ब्वॉज डबल्स) चैंपियनः साक्षम भाषालि व शारदुल खवाले ने अपूर्व जैन व रक्षन बजाज की जोड़ी को 6-3, 6-2 से हराकर जीता। बालिका युगल (गर्ल्स डबल्स) चैंपियनः सन्मिथा हरिनी लोकेश व व्रंडिका भगवंत राजपूत ने अविशी शर्मा व कीर्थना रंगिनेनि की जोड़ी को 5-7, 7-6(3), 10-7 से हराकर जीता।

## नॉन-स्टिक पैन में क्या नहीं पकाना, इसका जरूर ध्यान रखें

आपको कई लोगों ने बताया होगा कि नॉन-स्टिक पैन की देखभाल कैसे की जाती है। आज इस लेख में हम आपको बताएंगे कि ऐसी कौन-सी रेसिपीज या खाद्य पदार्थ हैं जो नॉन-स्टिक पैन को खराब कर सकती हैं। आप भी इस लेख को जरूर पढ़ें। नॉन-स्टिक पैन तो आपके घर में भी होगा। यह लोहे के तवे से कई बेहतर लगता है, क्योंकि इसमें खाना नहीं चिपकता। हालांकि, ऐसा कहा जाता है कि इसे इस्तेमाल करने के डिसएडवांटेज भी बहुत हैं। अगर इसमें निशान पड़ जाएं या यह घिस जाए, तो फिर यह सेहत के लिए नुकसानदायक होता है।



### बटर को गर्म न करें

मक्खन पैन में डालकर गर्म करें और उसमें तुरंत कुछ पका रही हैं, तो कोई दिक्कत नहीं है। अगर आप मक्खन को ब्राउन करना चाहती हैं, तो यह काम नॉन-स्टिक पैन में न करें। बटर को ब्राउन करने के लिए उसे धीरे-धीरे मीडियम आंच पर पकाया जाता है, ताकि वह नटी और टोस्टी स्वाद दे। नॉन-स्टिक पैन में बटर को एक समान ब्राउन करना मुश्किल हो सकता है और यह कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके लिए स्टेनलेस स्टील का पैन बेहतर है क्योंकि आप रंग को बेहतर ढंग से एनलाइज कर सकते हैं।

### सब्जियों को नॉन-स्टिक पैन में भूनने से बचें

सब्जियों को बेहतरीन तरीके से भूनने और कैरामेलाइज करने के लिए तेज आंच की जरूरत होती है। नॉन-स्टिक पैन इस हाई तापमान को झेलने के लिए नहीं बने होते। तेज हीट से इनकी कोटिंग खराब हो सकती है और वे हानिकारक रसायन भी छोड़ सकते हैं। साथ ही, नॉन-स्टिक पैन सब्जियों को वह कुरकुरापन और सुनहरा रंग नहीं दे पाते जो अच्छी तरह से भुनी हुई सब्जियों में होना चाहिए। इसलिए, सब्जियों को भूनने के लिए हमेशा कास्ट आयरन या स्टेनलेस स्टील के पैन का इस्तेमाल करना बेहतर होता है।

### सब्जियां या खाने को काटे नहीं

खाना बनाने के बाद, सीधे नॉन-स्टिक पैन में उसे काटने से बचें। चाहे आप पिज्जा के स्लाइस कर रहे हों या ऑमलेट के टुकड़े, चाकू या किसी भी धारदार चीज से पैन की नॉन-स्टिक कोटिंग पर खरोंच लग सकती है।

## कार्नर न्यूज

## अपने व्यक्तित्व का राज आप खुद ही खोलें

# आपका अंर्तमुखी या बहिर्मुखी होना निर्भर करता है कई परिस्थितियों पर, खुद जानें अपनी पर्सनालिटी के राज

क्या आप अपनी पर्सनैलिटी को लेकर कंफ्यूज हैं? क्या आप समझ नहीं पा रही हैं कि आप इंट्रोवर्ट (अंर्तमुखी) हैं, एक्स्ट्रोवर्ट (बर्हिमुखी) हैं या एंबीवर्ट (उभयमुखी)? तो यहां कुछ ऐसे सवाल जो आपकी पर्सनैलिटी के राज खोलने में मदद कर सकते हैं। हर शख्स की पर्सनैलिटी अलग होती है, कोई बहुत बोलता है, तो कोई चुपचाप अपनी ही दुनिया में मस्त रहता है, किसी को भीड़-भाड़ वाली जगह में मजा आता है तो कोई अकेले रहकर सुकून पाता है। यही क्वालिटीज तय करती हैं कि हम इंट्रोवर्ट हैं या एक्सट्रोवर्ट। लेकिन, अचानक जब कोई सवाल कर ले कि आप इंट्रोवर्ट हैं या एक्स्ट्रोवर्ट। तो हम कंफ्यूज हो जाते हैं कि हम किस कैटेगरी में आते हैं। कई बार हमें लगता है कि हम एक्सट्रोवर्ट हैं, क्योंकि हम दोस्तों से घुल-मिल जाते हैं पर घर लौटने या सोशल इंटरैक्शन के बाद अकेले समय की जरूरत पड़ती है तो असल में हम इंट्रोवर्ट होते हैं।

अब सवाल उठता है कि अपनी पर्सनैलिटी को कैसे पहचाना जाए। अगर आप भी अपनी पर्सनैलिटी पहचानना चाहती हैं और जानना चाहती हैं कि आप इंट्रोवर्ट हैं या एक्सट्रोवर्ट तो यह आर्टिकल आपकी मदद कर सकता है। जी हां, आज की तेज रफ्तार वाली जिंदगी में अपनी पर्सनैलिटी पहचानना जरूरी हो गया है।



### कौन होते हैं एक्सट्रोवर्ट?

एक्सट्रोवर्ट वह लोग होते हैं जिन्हें लोगों से मिलकर या सोशल सेटिंग्स में जाकर खुशी होती है और एनर्जी मिलती है। एक्सट्रोवर्ट लोगों का दिन तब तक पूरा नहीं होता है, जब तक वह दोस्तों से मिल न लें और उनसे ढेरों बातें न कर लें। अकेले रहने पर इन्हें बोरियत होने लगती है।

### कौन होते हैं इंट्रोवर्ट?

इंट्रोवर्ट वह लोग होते हैं, जो अकेले रहने पर रिलैक्स और फ्रेश महसूस करते हैं। यह लोग सोशल एक्टिविटीज में नहीं, बल्कि सोलो एक्टिविटी में विश्वास रखते हैं। इन्हें किताबें पढ़ना, लिखना, फिल्में देखना और गेम्स खेलना ज्यादा पसंद होता है। लोगों और भीड़-भाड़ से लौटने के बाद यह थकान महसूस करते हैं। आइए, अब यहां कुछ सवालों का जवाब देकर अपनी पर्सनैलिटी टेस्ट करें। इन सवालों का जवाब बता सकता है कि आप इंट्रोवर्ट हैं या एक्सट्रोवर्ट?



पार्टी या ग्रुप ट्रिप का प्लान कैंसिल होने पर पहला रिएक्शन क्या होता है?

राहत महसूस होती है और अकेले टाइम स्पेंड करते हैं। निराश होते हैं और दूसरे दोस्तों के साथ प्लान बनाते हैं। पहले थोड़ा बुरा लगता है और फिर थोड़ी देर बाद आराम फरमाते हैं।

अनजान नंबर से फोन आता है तो क्या करते हैं?

नजरअंदाज कर देते हैं या बाद में कॉल बैक करते हैं। एक्साइटमेंट में फोन उठा लेते हैं। कॉल उठाते हैं, लेकिन थोड़ा हिचकिचाते हैं।

अचानक स्टेज पर बोलने के लिए बुला लिया जाए, तो क्या करेंगे?

टेंशन और एंग्जायटी होने लगती है। एक्साइटमेंट और खुशी होती है। नर्वस होते हैं लेकिन, कोशिश करने से पीछे भी नहीं हटते।

पूरा दिन खाली मिलने पर क्या करते हैं?

अपने कमरे में समय बिताते हैं। बाहर जाकर लोगों से मिलते या नया कुछ एक्सप्लोर करते हैं। पहले आराम करते हैं, फिर शाम को लोगों से मिलते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## तलाक की अफवाहों के बीच जस्टिन ने शेयर की अपनी क्रिप्टिक पोस्ट



कैनेडियन सिंगर जस्टिन बीबर जब-तब कंट्रोवर्सी का शिकार हो जाते हैं। सिंगर की पर्सनल लाइफ को लेकर भी कई तरह की गॉसिप सुनने को मिलती है। इन दिनों जस्टिन बीबर और हेली बीबर के तलाक की अफवाह सुनने को मिल रही है। इन खबरों के बीच जस्टिन ने एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा की है। जानिए, इस पोस्ट में क्या है?

कुछ दिन पहले सिंगर जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने तलाक की अफवाहों को गलत बताया था। जस्टिन ने अपनी पोस्ट में लिखा था, 'सब ब्लाइंड आइटम हैं यानी सिर्फ झूठ है। जस्टिन ने यह भी कहा कि ऐसी बातें उन्हें काफी दुख पहुंचाती हैं। हाल ही में जस्टिन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट की है, जिसमें वह माफी को लेकर बात कर रहे हैं। क्या है माफी और उनकी तलाक की अफवाहों का कनेक्शन।

जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें उनकी एक तस्वीर है और उस पर लिखा है, 'इस जिंदगी का सबसे बड़ा राज है, माफी या माफ कर देना।' क्या इस मैसेज के जरिए वह अपनी पत्नी हेली से माफी मांग रहे हैं। क्या इसका कोई और मतलब है। दरअसल, पिछले दिनों एक इंटरव्यू में जस्टिन ने कहा था कि उन्होंने अपनी पत्नी का दिल दुखाया है। जस्टिन बीबर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह कहीं हंस रहे हैं, कहीं चुपचाप नजर आ रहे हैं। ये तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तो जस्टिन के फैंस को चिंता होने लगी कि वह ठीक हैं या नहीं। जस्टिन सिर्फ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर ही चर्चा में नहीं रहते हैं।

### टॉलीवुड

## 'द राजा साब' के निर्माताओं ने दिए कड़े निर्देश, लीक फुटेज होने पर सख्त कार्रवाई



साउथ एक्टर प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' का टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म के टीजर को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं, कि अगर आधिकारिक रिलीज से पहले इसका टीजर ऑनलाइन लीक हुआ, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी? फिल्म के टीजर के कुछ सींस ऑनलाइन लीक हो गए हैं, जो अब सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। वहीं आज फिल्म द राजा साब की टीम ने इस अप्रत्याशित उल्लंघन के जवाब में एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। फिल्म की टीम ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक्स पर लिखा, 'अगर #TheRajaSaab से कोई भी लीक हुई सामग्री पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी और हैंडल तुरंत सस्पेंड कर दिए जाएंगे । हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे सहयोग करें और अनुभव की सुरक्षा में हमारे साथ खड़े हों। आइए जिम्मेदारी से जश्न मनाएं। जागरूक रहें।'

प्रभास की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं और फिल्म के टीजर रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मारुति ने किया है। फिल्म का आधिकारिक टीजर 16 जून, 2025 को लॉन्च किया जाएगा।

### छॉलीवुड

## संगीतकार रहे बाबला की पहली फिल्म 'संगी रे लहुट के आजा' में सतीश जैन दमदार रोल में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सुपरहिट फिल्म 'मोर छैया भुइयां' को अपने संगीत से अमर बनाने वाले प्रसिद्ध संगीतकार बबला बागची अब निर्माता और निर्देशक के रूप में अपनी पहली फिल्म 'संगी रे लहुट के आजा' लेकर आ रहे हैं। बाबला बागची, जिन्होंने 'मोर छइहा भुइयां' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म में अपने संगीत से जादू बिखेरा था। संगी रे फिल्म में इनके फिल्मी गुरु सतीश जैन दमदार अभिनय करते नजर आयेंगे। फिल्म के निर्माता के तौर पर सुशील गर्ग भी जुड़े हैं। यह फिल्म छत्तीसगढ़ की पहली संगीत-प्रधान फिल्म बताई जा रही है, जिसकी कहानी दो गायकों के प्यार, उनके सपनों और संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में मुख्य भूमिका में नवोदित कलाकार प्रतीक के साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सिल्की गुहा नजर आएंगी। प्रतीक इस फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत कर रहे हैं और निर्देशक बाबला बागची का मानना है कि यह फिल्म प्रतीक के करियर के लिए ₹मील का पत्थर₹ साबित होगी।वहीं बाबला के गुरु सफल निर्देशक सतीश जैन फिल्म में अहम रोल करते नजर आयेंगे। फिल्म की स्टारकास्ट भी काफी दमदार है। मुख्य जोड़ी के अलावा, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार प्रकाश अवस्थी,सतीश जैन सिखा चितांबरे, पुष्पेंद्र सिंह, योगेश अग्रवाल, सतीश जैन, सिग्मा उपाध्याय, हेमलाल कौशल और धर्मेंद्र अहिरवार जैसे मंझे हुए कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। संगीत, निर्देशक व निर्माताः बाबला बागची,निर्माताः सुशील गर्ग कैमरा दिनेश ठक्कर,संपादनः पूरन किरी,क्रिएटिव हेडः शुशांत शर्मा,डि आई-नितेश झा, दमदार कहानी, सुरीले संगीत और बेहतरीन कलाकारों की टीम के साथ, 'संगी रे लहुट के आजा' से छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। फिल्म 20 जून 2025 को प्रदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ स्टाइल




800 से ज़्यादा एक्सक्लूसिव हाई-रेज़ इमेज के साथ महिलाओं के स्ट्रीट फैशन की नई रेंज न्यूयार्क में दिखाई दी। जहां कैज़ुअल में डेनिम जींस, लेदर और कैज़ुअल कॉटन शामिल हैं, जर्सी में स्पोर्ट्सवियर से प्रेरित लुक को टेक्सचर्ड निट के साथ मिलाया गया है। यहां स्ट्रक्चर्ड टेलरिंग और आउटरवियर का मिश्रण है। कुल मिला कर स्ट्रीट फैशन के लिए कुछ खास डिजाइन जो यहां सभी को पसंद आ रहे हैं।

## यंग गर्ल्स ऑफिस में स्टाइल करें काफ्तान कुर्तियां, दिखेंगे फैशनेबल



यदि आप भी ऑफिस में कुछ यूनिक और स्टाइलिश ट्राई करने का सोच रही हैं तो आज हम आपको कुछ काफ्तान कुर्तियां दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप कैरी करके खुद को स्मार्ट लुक दे सकती हैं। यदि आप वर्किंग वुमेन हैं फिर तो आपको भी हर रोज सुबह ऑफिस जाने से पहले सोचना पड़ता होगा कि आखिर क्या पहना जाए। जी हां हर एक महिला को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। किस तरह लुक को हर रोज स्टाइलिश और क्लासी बनाया जाए। खाने के मेन्यू से ज्यादा हम अपने ऑउटफिट को लेकर कंफ्यूज रहते हैं। हालांकि लड़कियों के साथ वार्डरोब में कैरी करने के लिए बहुत ऑप्शन होते हैं, लेकिन फिर भी हम सोचते हैं कि क्या स्टाइल किया जाए।

### टाई एंड डाई प्रिंट काफ्तान कुर्ती




यदि आप ऑफिस में स्टाइल के साथ कंफर्ट भी चाहती है, तो उसके लिए जॉर्जेट की टाई एंड डाई प्रिंट कुर्ती बेस्ट ऑप्शन है। इसके संग आप कोई भी व्हाइट पेंट, प्लाजो या जींस कैरी कर सकती हैं। ऐसी काफ्तान कुर्तियां कैरी करने के बाद काफी अट्रैक्टिव लुक देती हैं। इनके संग आप कोई भी मेटल झुमके न्यूड मेकअप और ओपन हेयर से अपना लुक और भी ज्यादा खूबसूरत बना सकती हैं। यह आपको ऑनलाइन 400 से 800 तक की रेंज में मिल जाएंगी।

### सिल्क पैच वर्क शार्ट काफ्तान कुर्ती

आप चाहे तो इस तस्वीर में नजर आ रही पिंक कलर की सिल्क फैब्रिक कुर्ती को भी ट्राई कर सकती हैं। इस कुर्ती पर बड़ा सा फ्लोरल पैच लुक को काफी खूबसूरत बना रहा है। लूज फिटिंग होने की वजह से गर्मियों के लिए काफ्तान कुर्तियां परफेक्ट रहती हैं। इनके संग आप व्हाइट या ब्लैक पेंट पेयर अप करें। हेयर स्टाइल को आप पौनी लुक दें और मेकअप को थोड़ा ग्लॉसी टच दें। ऐसी कुर्तियां ऑनलाइन और ऑफलाइन आप की तरह के कलर में आसानी से 400 से 700 तक की कीमत में मिल जाएंगी।

## आंखों के नीचे डार्क सर्कल हटाने घरेलू नुस्खे अपनाएं, एक महीने में देखें फर्क



आजकल की लाइफस्टाइल और खान-पान इतना बदल गया है कि उसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। घंटों-घंटों मोबाइल देखना और लैपटॉप पर काम करने की वजह से लोगों न सिर्फ आंखें दुखने लगी हैं, बल्कि इसके साथ-साथ आंखों के नीचे गहरे काले निशान भी आने लगे हैं। यदि शुरुआती दिनों में इन डार्क सर्कल पर ध्यान न दिया जाए तो ये इतना बढ़ जाते हैं, कि इसकी वजह से चेहरा भी अजीब दिखने लगता है। अगर आप भी इसी दिक्कत से परेशान हैं तो हमारे बताए गए तीन नुस्खों को आजमाकर देख लें। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल के बाद एक महीने में आंखों के काले घेरे एकदम कम हो जाएंगे।

**खीरा_** यदि आप भी घरेलू नुस्खों की मदद से डार्क सर्कल को कम करना चाहते हैं तो उसके लिए खीरा आपकी मदद करेगा। दरअसल, खीरे में एंटीऑक्सिडेंट और ठंडक देने वाले तत्व होते हैं जो आंखों को आराम देते हैं और काले घेरों को कम करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले खीरे को पतले स्लाइस में काटना है। अब इसे अपनी आंखों पर रख लेना है। कोशिश करें कि ये खीरा ठंडा हो, इससे आपकी आंखों को भी राहत मिलेगी। 20 मिनट के लिए दिन में दो बार ऐसा ही करें। इससे आंखों के नीचे आए काले घेरे खुद ब खुद कम हो जाएंगे।

**आलू का रस_** हर भारतीय घर में आलू बड़ी ही आसानी से मिल जाता है। इसका इस्तेमाल सब्जी बनाने के साथ-साथ स्किन केयर में भी किया जाता है। दरअसल, आलू में पाए जाने वाले एंजाइम और विटामिन C डार्क सर्कल को हल्का करने में मदद करते हैं।

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले कच्चे आलुओं को कद्दूकस कर लें। अब इसे कॉटन के कपड़े में बांधकर उसका रस निकाल लें। रस निकालने के बाद इसे रुई की मदद से अपनी आंखों के नीचे अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को धो लें। हफ्ते में कम से कम 5 बार ऐसा करें और फिर इसका असर देखें।

### बादाम तेल और नारियल तेल की मसाज

ये दोनों तेल यदि आपके घर में मौजूद हैं तो इनके इस्तेमाल से डार्क सर्कल को कम करें। दरअसल, ये दोनों तेल त्वचा को पोषण देते हैं और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करके डार्क सर्कल को कम करते हैं। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान है।

## पैरों की बदबू से परेशान हैं तो ये उपाय अपनाएं और पाएं फ्रेशनेस का एहसास



गर्मी के मौसम में शरीर से बदबू आना काफी सामान्य बात है। लेकिन दिक्कत तब होती है, जब ये बदबू बढ़कर लोगों को परेशान करने लगे। खासतौर पर बात करें पैरों की तो जो लोग जूते पहनते हैं, उनके पैरों में बदबू काफी ज्यादा आती है। कई बार तो जूते उतारने के बाद बैठना भी काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप कुछ नुस्खे आजमाकर इस दिक्कत से छुटकारा पा सकते हैं। यहां इस लेख में कुछ असरदार घरेलू उपाय दिए गए हैं, जिन्हें अपनाकर आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस कुछ टिप्स को फॉलो करना है।

### नमक के पानी में धोएं

यदि आपके पैरों से काफी ज्यादा बदबू आ रही है तो नमक का पानी इस बदबू को दूर करेगा। इसके लिए सबसे पहले एक बाल्टी में गुनगुना पानी लेकर उसमें नमक घोलें। अब इस पानी में 15–20 मिनट पैरों को भिगोकर रखें। इससे बैक्टीरिया और पसीने की बदबू कम होती है। ये नमक वाला पानी पैरों की थकान को भी दूर करने का काम करेगा।

### नीम का तेल आएगा काम

नीम के पत्तों और तेल में एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं, जो पैरों से बदबू को भगाने में कारगर रहेंगे। इसके लिए आपको सबसे पहले पैरों को धोना है और फिर उसपर नीम के तेल अप्लाई करना है। थोड़ी देर इसे ऐसे ही रहने दें और फिर अपने पैरों को धो लें। इससे भी आपको तुरंत बदबू से राहत मिलेगी।

### टी ट्री ऑयल भी करेगा मदद

बाजार में टी ट्री ऑयल भी बड़ी आसानी से मिल जाता है। पैरों की बदबू दूर करने के लिए भी आप टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे अप्लाई करने के लिए भी आपको पैरों में इस तेल को अप्लाई करना है।

## अब लिपस्टिक बार-बार लगाने की जरूरत नहीं, ये ट्रिक्स अपनाएं



यदि आपकी लिपस्टिक भी एक से दो घंटे में खराब हो जाती है तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। हमारी बताई गई टिप्स से आप अपनी सिंपल लिपस्टिक को भी घंटों टिका सकते हैं। शायद ही कोई महिला होगी, जिसे लिपस्टिक लगाना पसंद न हो। अब तो छोटी-छोटी बच्चियों से लेकर कॉलेज जाने वाली लड़कियों के पास तक लिपस्टिक का शानदार कलेक्शन होता है। लिपस्टिक लगाने से लुक एकदम बदल सा जाता है। लिपस्टिक लगाना जितना आसान है, उतना ही कठिन होता है लंबे समय तक इसे टिकाए रखना।

### होंठों को पहले करें स्क्रब

चेहरे के साथ-साथ होंठों की डेड स्किन निकालना भी काफी जरूरी हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यदि आपके होंठों पर डेड स्किन जमा रहेगी तो इसपर लिपस्टिक का ज्यादा लंबे समय तक टिकना मुश्किल होगा। इसलिए हफ्ते में कम से कम तीन बार अपने होंठों को एक्सफोलिएट करें। इसके लिए पिसी हुई चीनी और शहद के मिश्रण को होंठों पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। इसके बाद किसी मुलायम ब्रश की मदद से होंठों को साफ कर लें।

### लिप बाम लगाएं

सूखे होंठों पर लिपस्टिक ज्यादा समय तक टिक नहीं पाती है। इसलिए जब भी कभी लिपस्टिक लगा रही हैं तो पहले अपने बालों में लिप बाम अवश्य लगाएं।

कार्नर न्यूज

घर से बाहर के होना चाहिए खास ड्रेस

## बीच, हिल स्टेशन हो या इंटरनेशनल ट्रिप- हर लोकेशन के लिए परफेक्ट हैं ऐसे आउटफिट्स

हर लड़की अपनी शादी के लिए बेहद उत्साहित रहती है। इसके लिए वो महीनों पहले से खरीदारी भी शुरू कर देती हैं। शादी के साथ-साथ लड़कियां शादी के बाद की प्लानिंग भी पहले से कर लेती हैं। खासतौर पर बात करें हनीमून की तो ये ऐसा वक्त होता है, जब शादी की कपल शादी की थकान उतारने और एक-दूसरे के साथ समय व्यतीत करने के लिए घूमने जाता है। इस दौरान लड़कियां अपने लुक्स पर भी काफी ध्यान देती हैं। यदि आप भी हनीमून पर जा रही हैं तो उसके लिए खरीदारी करनी होगी। ऐसे में हम आपको कुछ लेटेस्ट और स्टाइलिश आउटफिट आपको दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप शॉपिंग कर सकते हैं।



### को-ऑर्ड सेट लुक

कुछ कंफर्टेबल सा तलाश कर रही हैं तो ऐसा को-ऑर्ड सेट आपकी खूबसूरती में भी चार चांद लगा देगा, साथ ही में इसको पहनने से आपका लुक काफी स्टाइलिश भी लगेगा। इसे पहनते समय बस ध्यान रखें कि इसके साथ

### डेनिम शॉर्ट में ग्लैमरस लुक

कौन नहीं चाहता कि वो अपने हनीमून पर ग्लैमरस दिखे। इसके लिए आप डेनिम शॉर्ट्स कैरी कर सकती हैं। डेनिम शॉर्ट्स के साथ ब्रालेट और ऊपर से ओवरसाइज शर्ट आपके लुक में चार चांद लगा देगी। ध्यान रखें कि इस लुक के साथ पैरों में जूते या फिर स्लीपर पहनें। जूते पहाड़ों पर काम आएंगे, वहीं अगर बीच पर हैं तो स्लीपर ही पहनें।

### डेनिम शॉर्ट में कूल अंदाज

डेनिम शॉर्ट्स को आप अलग अंदाज में भी कैरी कर सकती हैं। इसके लिए शॉर्ट्स के साथ टॉप कैरी करें। इस तरह की फिटेड टॉप आपके लुक में चार चांद लगा देगी। सुरभि की तरह आप अपने शॉर्ट्स के साथ जूते कैरी कर सकती हैं, इससे आपका लुक काफी कूल दिखेगा।

### जींस-टीशर्ट लुक

यदि पार्टनर के साथ बाइक राइड पर जाना है तो कुछ और पहनने की जगह इस तरह की ब्लू फिटेड डेनिम जींस और साथ में व्हाइट रंग की टॉप कैरी करें। आपका ये लुक न सिर्फ देखने में स्टाइलिश लगेगा, बल्कि आप इसमें काफी कूल भी दिखेंगी।

### ऑफ शोल्डर ड्रेस

हनीमून पर कपल्स डिनर डेट्स पर भी जाते हैं, ऐसे में आपको अपने लिए एक ऐसी ही ग्लैमरस ड्रेस भी खरीद लेनी चाहिए। ऐसी ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। ऐसी ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनकर डेट नाइट पर आप अपना ग्लैमरस अंदाज दिखा सकती हैं।

### विंटर फैशन

यदि आप पहाड़ों पर जा रही हैं, तो वहां काफी सर्दी पड़ती है। ऐसे में अपने लुक को सर्दियों के हिसाब से भी स्टाइल करें।